


राष्ट्रीय दैनिक


# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महाराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



यूवुला की सूजनः जानिए इसके कारण, लक्षण...8


दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 17 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 58 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# पीएम मोदी ने गोरखपुर सांसद खेलकूद महाकुंभ के समापन पर दिया संदेश

## बोले- हार से मिलता है जीतने का अनुभव

गोरखपुर। सांसद खेलकूद स्पर्धा महाकुंभ के समापन के अवसर पर पीएम मोदी ने वर्चुअली खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में किसी को जीत मिली होगी तो किसी को हार। खेल का मैदान हो या जीवन का मैदान, हार जीत लगा रहता है। लेकिन, इस हार से हमेशा जीतने का अनुभव मिलता है। देश को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने का मार्ग है सांसद खेल महाकुंभ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने के लिए नए रास्ते चुनने होंगे, नई व्यवस्थाएं बनानी होंगी। सांसद खेल महाकुंभ ऐसा ही नया मार्ग है, नई व्यवस्था है। सांसद खेल महाकुंभ खेल क्षेत्र का वह नींव है जिस पर



भविष्य की भव्य इमारत का निर्माण होने जा रहा है। इसलिए जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है और उनका मनोबल मजबूत होता है। सांसद खेल महाकुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी गुरुवार को गोरखपुर के क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। वीडियो संदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने बजट में कई प्रावधान किए हैं। 2014 की तुलना में खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना कर दिया गया है। अनेक आधुनिक स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को लाखों रुपये की मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें खेलों के प्रति होलिस्टिक विजन अपनाना होगा। श्टॉप्सश जैसी योजना से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। खेलो इंडिया के साथ साथ फिट इंडिया और योग जैसे अभियान भी आगे बढ़ा रही है। पीएम ने कहा कि किशोरावस्था में हम देखते हैं कि हर किशोर पेड़ पर या अन्य कहीं लटक कर अपनी लंबाई बढ़ाने का प्रयास करते हैं।

# टाटा की ऐतिहासिक एविएशन डील का एक और पिटारा खुला!

## 470 नहीं 840 विमान खरीदेगा एयर इंडियां, कंपनी ने खुद बताई सौदे की डीटेल

नयी दिल्ली। यूएसए के बोइंग और फ्रांस के एयरबस के साथ एयर इंडिया का ऐतिहासिक 470–प्लेन सौदा और भी बड़ा हो सकता है क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाले विमान के पास 10 वर्षों के दौरान अतिरिक्त 370 जेट खरीदने का विकल्प है।एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को



840 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस सौदे में 370 विमान खरीदने का विकल्प भी शामिल है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक और रूपांतरण अधिकारी निपुन अग्रवाल ने एक लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि एयरलाइन द्वारा विमान खरीदने के लिए दिए गए ऑर्डर से दुनिया भर में दिख रहे उत्साह को लेकर कंपनी विनम्र है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले एयर इंडिया के निजीकरण के साथ शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 840 विमानों का यह ऑर्डर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऑर्डर के तहत अगले दशक में एयरबस और बोइंग से 470 विमान खरीदे जाएंगे, जबकि इसमें 370 विमान खरीदने का विकल्प शामिल है। यह आधुनिक विमानन इतिहास में किसी एयरलाइन द्वारा दिए गए सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक होगा। अधिकारी ने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग के लिए यह ऑर्डर एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे एक दिन पहले एयरलाइंस ने कहा था कि उसने 470 विमानों के लिए एक ठेका दिया है, जिसमें से एयरबस से 250 विमान और बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा, हमने सीएफएम इंटरनेशनल (सीएफएम), रोल्स–रॉयस और जीई एयरोस्पेस के साथ इंजनों के दीर्घकालिक रखरखाव के लिए करार भी किया है। अग्रवाल ने कहा कि यह ठेका एयर इंडिया को विश्व स्तरीय एयरलाइन में बदलने और भारत को दुनिया के हर बड़े शहर से सीधे जोड़ने की टाटा समूह की आकांक्षा को दर्शाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयरबस से 40 बड़े आकार के ए350 और 210 छोटे आकार के विमान खरीदेगी। एक 'ऑनलाइन' बैठक में चंद्रशेखरन ने कहा कि इन विमानों की खरीद के लिए एयरबस के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस बैठक में अन्य लोगों के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों भी मौजूद थे। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस अधिग्रहण के बाद टाटा समूह इस एयरलाइन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है।

# कश्मीर पर बोले अमित शाह, पहले हर दिन होता था विरोध प्रधर्शन और पथराव, आज पर्यटकों से भरा पड़ा है

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू कश्मीर को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि पहले हर दिन वहां विरोध प्रदर्शन और पथराव होता था। लेकिन आज वहां की स्थिति में परिवर्तन आया है और आज कश्मीर पर्यटकों से भरा हुआ है। दरअसल, अमित शाह दिल्ली पुलिस के 76 वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं 75 साल से अधिक की विरासत का हिस्सा हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस आजादी के बाद से आज तक अपने काम के लिए जानी जाती है और पूरे देश ने इसकी सराहना की है। गृह मंत्री मे उन लोगों के अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।





शाह ने कहा कि आजादी के बाद दिल्ली पुलिस शांति, सेवा, न्याय के नारे के साथ आगे बढ़ी और अपने काम और कार्यप्रणाली में बदलाव लाया है जो देश के लिए फायदेमंद है। उन्होंने दावा किया कि भारत की कानून और व्यवस्था, सुरक्षा में 2014 से सकारात्मक विकास देखा गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले भारत के नागरिकों को अपने पासपोर्ट के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अब उन्हें 5 दिनों के भीतर पुलिस की मंजूरी मिल जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के लिए वर्ष 2023 बहुत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारत दिल्ली में जी 20 की मेजबानी कर रहा है।

इसके साथ ही अमित शाह ने जम्मू कश्मीर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर में हर दिन विरोध, पथराव और क्रांति का स्थान हुआ करता था। आज कश्मीर पर्यटकों से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब हम देश भर में यात्रा करते हैं तो कश्मीर के बारे में सोचते हुए हम बहुत सशक्त महसूस करते हैं। वामपंथी राजनीति और उग्रवाद के मामले अब काफी कम हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले दिनों में प्च्ब्, ब्च्ब् और साक्ष्य अधिनियम वाले तीनों कानूनों में परिवर्तन लाने जा रही है... हमने दिल्ली पुलिस में ट्रायल शुरू किया है कि 6 साल से ज्यादा सजा वाले हर अपराध में फोरेंसिक टीम के दौरे को हम अनिवार्य करने जा रहे हैं।

# श्याम बाबा की शोभायात्रा फाल्गुन महोत्स्व के रूप में निकली गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। श्याम कुटुंब परिवार तुलसीपुर के तत्वाधान में फागुन महोत्सव श्याम शोभा यात्रा स्थानीय गायत्री मंदिर से देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर के पूजन के बाद धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा गायत्री मंदिर से चलकर नई बाजार होते हुए हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची बीच में जहां श्याम के गीत गाए जा रहे थे वही होली का माहौल भी देखने को मिला एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर करते हुए सैकड़ों की संख्या में हाथ में श्याम निशान झंडा लिए हुए अधिकतर महिलाएं व बच्चे भी दिखे। श्याम के नौवें जयंती पर गायत्री मंदिर से सटे परिसर में अमृतसर से आए हुए तेजी ब्रदर्स के भजन कृष्णा एंड कंपनी के परिसर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।





# तेजी से बढ़ रहा है घरेलू उद्योग, इस्पात का आयात हुआ काफी कम : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नयी दिल्ली। इस्पात मंत्री



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में इस्पात का आयात घटकर बहुत कम रह गया है। घरेलू उद्योग द्वारा 'सस्ते आयात' का मुद्दा उठाने के बीच मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने बढ़ते आयात के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''अगर आप आंकड़े देखें तो वृद्धि बहुत कम है। हमारा बाजार तेजी से बढ़ रहा है और हमारे घरेलू उत्पादक अच्छी आपूर्ति कर रहे हैं।'' उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, तैयार इस्पात का आयात 2022 में 21 प्रतिशत बढ़कर 47.7 लाख टन हो गया, जो 2021 में 39.4 लाख टन था। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के महासचिव आलोक सहाय ने कहा कि उद्योग कच्चे माल की बढ़ती लागत के साथ ही आपूर्ति श्रृंखला के दबाव का सामना कर रहा है। आईएसए इस्पात क्षेत्र का शीर्ष उद्योग निकाय है। उन्होंने कहा कि प्रमुख कच्चे माल कोकिंग कोल की कीमत एक दिसंबर, 2022 को 248 डॉलर प्रति टन थी, जो 15 फरवरी तक 55 प्रतिशत बढ़कर 345 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गई।

# नाना पाटेकर ने प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते बोझ पर चिंता जताई, कहा– जनसंख्या पर नियंत्रण किया जाना चाहिए

जयपुर। फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने गुरुवार को प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते बोझ पर चिंता जताते हुए कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण किया जाना चाहिए। सिरोही के आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संगठन के मुख्यालय में एक समारोह में पाटेकर ने कहा कि यह



दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकृति ने सब कुछ दिया है लेकिन इसका तर्कसंगत इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हम 140 करोड़ हो गए हैं लेकिन संसाधन सीमित हैं। हम हर चीज की बात करते हैं लेकिन आबादी की बात नहीं करते। यह सीमित होना चाहिए।

# त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न

## 81 प्रतिशत हुई वोटिंग, 2 मार्च को आएंगे नतीजे

नई दिल्ली। त्रिपुरा में आज कड़ी सुरक्षा के बीच विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। हालांकि, कई हिस्सों में मतदान के दौरान हिंसा के खबर भी आई। मतदान सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ शाम 4रू00 बजे तक राज्य में 81: मतदान दर्ज किया गया। त्रिपुरा में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं। इन 60 विधानसभा सीटों के लिए 259 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 259 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। त्रिपुरा चुनाव



के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। चुनाव के दौरान अलग–अलग हिंसा की घटनाओं में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक नेता और वामदल के दो पोलिंग एजेंट सहित कम से कम 3 व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। त्रिपुरा में फिलहाल भाजपा की सरकार है। माणिक साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री हैं। इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा और लेफ्ट गठबंधन के बीच है। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। त्रिपुरा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 31000 मतदान कर्मी तैनात किए गए थे।


हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

समाचार पत्र

में सरकारी विज्ञापन, निविदा, अदालती नोटिस, सम्मान, सूचना, टैण्डर प्रकाशन के लिए आज ही सम्पर्क करें।

सभी जनपदों से आवश्यकता है पत्रकारों की

सम्पादकः- दैनिक बुद्ध का संदेश

8795951917, 9453824459

ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com

E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com


# स्वामी प्रसाद मौर्य का आरोप, मेरी हत्या की हो रही साजिश, बीजेपी सरकार नहीं कर रही कार्रवाई

लखनऊ। श्रीरामचरितमानस को लेकर विवादित बयान देने के बाद से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सुर्खियों में हैं। आज एक बार फिर से स्वामी प्रसाद मौर्य ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मेरी हत्या की साजिश हो रही है लेकिन भाजपा सरकार इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ हिंसक बयान दिए जा रहे हैं। कोई मेरा सिर काटने के लिए 21 लाख तो कोई 51 लाख की सुपारी दे रहा है तो जीभ काटने के लिए कोई 5 लाख तो 11 लाख की सुपारी दे रहा है। कोई हाथ काटने के लिए कोई नाक काटने के लिए कोई कान काटने के लिए सुपारी दे रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा है कि बयान देते हुए लोगों की फोटो भी है। लेकिन उसके बावजूद सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।





उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसका मतलब यही है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश के सरकार मेरी हत्या की साजिश करने वाले लोगों के साथ शामिल है। भाजपा सरकार मेरी हत्या कराना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि कुछ साधु के वेश में आतंकी और अपराधी हैं। वहीं, श्रीरामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी से नाराज भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने वाराणसी के टेंगरा मोड़ पर नारेबाजी करते हुए समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले के सामने काला कपड़ा दिखा कर अपना विरोध जताया।

# इंद्रधनुषी सांस्कृतिक छटा बिखेर अमृत महोत्सव का हुआ समापन

## सांस्कृतिक मंच पर किन्नर समाज,धर्मगुरुओं, पत्रकार व समाजसेवियों का हुआ सम्मान

बहराइच। शहर के गेंदघर मैदान में विगत 18 दिन से चल रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हो गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रही।जनपद के इतिहास में यह पहला मौका था जहां किन्नर समाज को सम्मान से नवाजा गया।कार्यक्रम में हर वर्ग के प्रबुध्द लोगों को एकजुट करने का विहंगम दृश्य दिखाई पड़ा।कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना से हुई।पुलवामा आतंकी हमले के शहीदी दिवस के मद्देनजर कार्यक्रम देशभक्ति से सराबोर दिखा।आयोजक मण्डल भी तिरंगा परिधान अपनी छटा बिखेर रहा था।युगल देशभक्ति गीत संदेशे आते है हमे तड़पाते है लोगो बरबस ही तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।उल्लेखनीय हो कि विगत 28 जनवरी से शहर के गेंदघर मैदान में अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टीम द्वारा किया जा रहा था जिसका उद्घाटन सदर विधायक अनुपमा जायसवाल द्वारा किया गया थास जिसमे विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किये गए।आयोजन समिति की डायरेक्टर ने बताया कि इस अमृत महोत्सव में बहराइच की प्रतिभाओं को मौका दिया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, डांसिंग, क्राफ्ट, मेहंदी, कवि सम्मेलन, किड्स मॉडलिंग का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं।।कार्यक्रम में किन्नर समाज की गुरु गुड़िया मम्मी एवं उनकी शिष्यों को कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कोरियोग्राफर राज द्वारा किन्नर समाज को समर्पित एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मूक बधिर बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को विभाग प्रचारक डॉ. अवधेश के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात सिख समुदाय के ध र्मगुरु विक्रम सिंह, बौद्ध समुदाय से सुंदर लाल गौतम एवं रजौरी में शहीद हुए सुरजीत सिंह के भाई सतवंत सिंह समेत ब्यूरो चीफ मुकेश पाण्डेय , ब्यूरो चीफ अमित पांडेय,एलआईयू प्रभारी रजनीश कुमार राठी,संघ के सह प्रान्त गौ सेवा प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह,वरिष्ठ पत्रकार सचिन श्रीवास्तव, शाहनवाज खां,निशा शर्मा,सुनीता सिंह को अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर सोनी श्रीवास्तव और समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। आयोजक मंडल में सुमिति गुप्ता,स्मिता श्रीवास्तव,मूक बधिर विद्यालय की संस्थापिका बलमीत कौर, चरनजीत कौर, दीपा आनंद, शमा परवीन, संध्या श्रीवास्तव, डॉक्टर रिजवाना, नीता श्रीवास्तव,सीमा कुमारी, परविंदर सिंह सम्मी,रवि कुमार, राकेश प्रजापति, मोईद खान, शिवा गुप्ता, आशीष सिंह बन्ना, अक्षय सिंह, हमजा, चंदन मिश्रा, संकेत वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संयोग से नहीं दंपति की इच्छा से बने परिवार का आकार : डीएम

बहराइच। परिवार की खुशियां इस बात में शामिल हैं जब परिवार का आकार संयोग से नहीं बल्कि दंपति की इच्छा और उनकी आवश्यकता के अनुसार हो। इसके लिए मौजूदा समय में आधुनिक परिवार नियोजन के कई विकल्प मौजूद हैं । बावजूद इसके जनपद की 27.6 फीसदी महिलाएं जिन्हें अभी या भविष्य में बच्चे नहीं चाहिए लेकिन वह परिवार नियोजन का कोई भी साधन नहीं अपना रही हैं। ऐसे में न चाहते हुए भी उन्हें अनचाहे गर्भ या बड़े परिवार का बोझ उठाना पड़ता है।

यह बातें कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय परिवार नियोजन आह्वान मेले के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कही। उन्होंने आह्वान मेले का आयोजन करने वाली गैर सरकारी संस्था मोबियस फाउंडेशन की सराहना करते हुये कहा कि परिवार नियोजन को लेकर दंपति को जागरूक करने में आशा कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका है। ऐसे में बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाना चाहिए । इस मौके पर उन्होंने जनपद की 75 आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

गौरतलब है कि मोबियस फाउंडेशन एक गैर सरकारी संस्था है जो पर्यावरण संरक्षण और जनसंख्या स्थरीकरण के लिए काम कर रही है। संस्था उत्तर प्रदेश के दो जिलों– बहराइच और बाराबंकी में पिछले 3 सालों से प्रोजेक्ट आकार चलाया जा रहा है। जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार व राज्य की नीतियों के अनुसार ही संचालित किया जाता है।

इसमें बाराबंकी व बहराइच जिलों के 200 गाँवों में ये कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केंद्रों एवं ग्राम स्तर पर दंपति की कॉउंसलिंग भी की गयी। कोरोना महामारी के समय में संस्था मोबियस फाउंडेशन द्वारा, बाराबंकी व बहराइच जिलों में आशाओं के माध्यम से परिवार नियोजन के साधन वितरित करने का काम भी किया गया था।

जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच कैंप लगाए जा रहे हैं, परिवार नियोजन के बारे में कॉउंसलिंग की जा रही है और गर्भ निरोधक मुहैया कराये जा रहे हैं। इस दौरान खासतौर पर पुरुषों को बिना टंका चीरा नसबंदी से लिए प्रेरित किया जा रहा है और परिवार नियोजन अपनाने वाले दम्पत्तियों की पहचान चौंपियन माँ–बाप के रूप में जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह , डीएचईआईओ बृजेश सिंह , डीसीपीएम मो0 राशिद सहित सीएचसी तेजवापुर व हुजूरपुर के अधीक्षक सहित आशा कार्यकता उपस्थित रहे ।

## छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिलेगी नई उपलब्धियां: डॉ राजीव रंजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध और अध्ययन को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का सतत प्रयास कर रहा है। महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं



अनुसंधान कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एमएलके महाविद्यालय व एल बी एस महाविद्यालय गोण्डा के मध्य एक करार (एमओयू) हुआ है। दोनो महाविद्यालय के प्रतिनिधियों की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने दी। दोनो महाविद्यालय अपने अपने जनपद के लब्ध प्रतिष्ठ संस्थान हैं जिनके पास उच्च स्तरीय पुस्तकालय, प्रयोगशाला और शोध संसाधन उपलब्ध हैं। इन दोनो शिक्षण संस्थानों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद दोनो महाविद्यालयों के विद्यार्थी एक दुसरे के संसाधनों से शोध और अध्ययन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान एल बी एस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर के पाण्डेय व एम एल के महाविद्यालय की ओर से विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन एवं विपिन तिवारी सहित एल बी एस महाविद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जनकल्याण योजना से लाभांवित हो रहे है युवाः विधायक

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। गुरुवार को एसएसबी 43वीं वाहनी सीमा चौकी अलीगढ़वा कैम्प में नागरिक कल्याण योजना के तहत हाउस वायरिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र के पैतीस युवाओं का चयन किया गया। एक माह में प्रशिक्षित कर इनको प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा। साथ ही इन्हें टूल किट प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान वायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी, लखनऊ से आए स्टैट बैंक के जनरल मैनेजर धर्मेंद्र कुमार किशोर ने कहा सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्र में इनकी भूमिका अहम है, सुरक्षा, बंधुत्व को लेकर कार्य कर रही है, उसी क्रम में स्टैट बैंक भी ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में लिय अग्रहणी हो रही है। तरह तरह की प्रशिक्षण कराकर हुनर बाज बनाया जा रहा है,





जिससे पिछड़े क्षेत्रों में युवा स्वरोजगार बन सकेंगे। साइबर अपराध की जड़ लालच बताया गया। इसके झांसे में नहीं पड़ें आप की जमा पूजी सुरक्षित रहेगी। विधायक श्याम धनी राही ने कहा जवान, देश सुरक्षा में तैनाती के साथ साथ बार्डर क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं महिलाओं को स्वरोजगार परक बनाने का कार्य कर रही है। रातदिन सीमा पर जाग कर जवान सीमा को सुरक्षित रखा है। देश की अखंडता समरसता पर अपने को न्योछावर करता है। 20 पर जिक्र करते हुए भारत में निवेशकों द्वारा निवेश की चर्चा किए, इस स्कीम से भारत का अर्थतंत्र मजबूत हुआ है। स्वरोजगार के लिय स्टैट बैंक भी अपनी भूमिका निभा रहा है, छोटे बड़े ऋण सस्ते दर पर मुहैया करा रही है। जिससे प्रशिक्षित युवा,महिला वर्ग अपनी जीवकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बन सकेगी। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन कराया जा रहा है, प्रधानमंत्री की वृहद विस्तारवादी विकास नीति से देश का पिछड़ा, शोषित वर्ग इस योजना के माध्यम से उनका कल्याण हो रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा निर्मल जल देश के सभी जन तक पहुंचाने का कार्य हो रही है। कार्यक्रम का संचालन महिला आरक्षी कल्पना यादव ने किया। आभार कमांडेंट आर के डोगरा ने किया। धान्यवाद ज्ञापन सहायक कमांडेंट शक्ति सिंह ने किया। इस दौरान राजपाल, प्रधान महादेवा कुर्मी अजीजुद्दीन, स्टैट बैंक रवि कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय, उमेश सिंह, मुकेश कुमार, इश्तियाक अहमद, आर्यन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एमएलके महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के बीसीए




विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र–छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय व ब्रोंज प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ की हेड साजिया अंजुम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के युग मे सूचना तकनीकी शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए छात्र–छात्राओं को बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। ब्रोंज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीसीए के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया जबकि अभिषेक सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीसीए के अतिरिक्त बीबीए व बीकॉम के छात्र–छात्राएं भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ बसंत कुमार, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ राहुल विशेन, डॉ के पी मिश्र, डॉ पी एन पाठक व डॉ मसूद मुराद आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका बलरामपुर के सफाई कर्मियों ने बकाया वेतन आदि को लेकर बंद किया सफाई कार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार दे पाने में नाकाम साबित हो रही है तो वही दूसरी तरफ विभिन्न






विभागों में संविदा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बकाया वेतन देने में सरकार के पसीने छूट रहे हैं जिसके लिए इन युवा श्रमिकों को तरह–तरह के आंदोलनों आदि का सहारा लेना पड़ रहा है बताते चलें कि नगर पालिका परिषद बलरामपुर के सैकड़ों आउटसोर्सिंग कर्मचारी अपने बकाया वेतन के लिए कई दिनों से स्थानीय उच्चाधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं इसके बावजूद भी इन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही है गत दिनों इन कर्मचारियों ने उप जिला अधिकारी बलरामपुर को ज्ञापन देकर 1 सप्ताह में वेतन भुगतान कराने की मांग की थी इसके बावजूद भी अभी तक इनकी मांगे पूरी नहीं हुई उक्त कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पप्पू लाल ने बताया कि हम लोग अपनी समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलरामपुर से कई बार वार्ता कर चुके हैं इसके साथ अपर जिला अधिकारी बलरामपुर के साथ उप जिलाधिकारी सदर से वार्ता होने के बावजूद भी कोई परिणाम नहीं निकला ऐसे मे अगर शीघ्र ही हमारी समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो हमारे साथी अनिश्चित काल के लिए सफाई आदि का कार्य बंद करने के लिए मजबूर होंगे उक्त अवसर पर प्रमुख लोगों मेंमहेंद्र प्रताप सिंह आलोक दिनेश कुमार गुप्ता मदन गोपाल राजेंद्र कुमार वर्मा राहुल तिवारी नितिन कुमार पवन पांडे धर्मवीर मनीष कुमार धर्मेंद्र शुक्ला राजेश तिवारी सहित अनेकों सफाई कर्मी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिवाइन पब्लिक स्कूल में अब नर्सरी कक्षा के छात्र छात्राओं को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। यूपी के बलरामपुर जिले में संचालित प्राइवेट विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल पिछले कई वर्षों से शिक्षा जगत में क्रांतिकारी और कड़े फैसलों के लिए जाना जा रहा है। इस बार नए सत्र की शुरुआत से पहले ही डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए नर्सरी और प्री नर्सरी क्लास के बच्चों के एडमिशन के बाद मासिक फीस माफी का बड़ा फैसला लिया है। बता दें कि पिछले सत्र में डिवाइन पब्लिक स्कूल द्वारा नर्सरी क्लास में 150 बच्चों का एडमिशन लिया गया था और उन बच्चों को एडमिशन के बाद निशुल्क शिक्षा बिना फीस के दी जा रही है। लेकिन ऐसी जानकारी सामने आई




थी कि पिछले सत्र में दर्जनों अभिभावक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका था जिस कारण डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने इस बार सीटों को बढ़ाकर 150 से 300 कर दिया है। अब जहां 150 बच्चों का एडमिशन होता था वहीं अब 300 बच्चों को बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिससे अब 300 अभिभावकों को एक बड़ा लाभ पहुंचेगा और उन पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा। नगर के सिटी पैलेस स्थित अपने स्कूल मैं आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षित शिक्षकों की देखरेख में बच्चों के पठन–पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है साथ ही बच्चों के शारीरिक विकास के लिए 40 से अधिक खिलौनों की व्यवस्था की गई है वही बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिमाह बच्चों की मौखिक और लिखित परीक्षा कराई जाती है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की तीन से छः माह के बीच काउंसलिंग व लखनऊ में बेहतर ट्रेनिंग कराई जाती है जिससे टीचिंग स्टाफ का व्यवहार नन्हे–मुन्ने बच्चों के बीच बेहतर रहे। स्कूल में बच्चों की देखरेख व सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना हो और बच्चे सुरक्षित शिक्षा ग्रहण कर सके। इस दौरान टीचिंग स्टाफ जूली पांडे, सुमन मिश्रा, स्वयंप्रभा, रेनू ,आफरीन, रोशनी, दरकक्षा, अंकिता, सुनीता, अंशी, उजमा, उषा, आरती वर्मा, केके पाठक, आराधना, कायनात, मनीष, पिपनका, सांची, शतनी, सुधा, नेहा, अंशु आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को तकनीक का सकारात्मक प्रयोग करना चाहिएः सदर विधायक

## डॉ एके पांडे कालेज आफ फार्मेसी में छात्रों को टेबलेट का वितरण किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर सदर के डा.ए के पांडे कालेज आफ फार्मेसी, दुर्गापुर लालनगर में अध्यनरत् छात्रों को टेबलेट का वितरण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने छात्रों को टेबलेट का वितरण किया। सदर विधायक बलरामपुर पल्टूराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और पढ़ाई में सहायता मिले इस हेतु स्मार्ट फोनध्टेबलेट का वितरण शुरू किया। विपक्षी दलों ने छात्रों को गुमराह भी किया लेकिन आम जनमानस और छात्रों को प्रदेश के मुखिया पर भरोसा



था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस भरोसे के तहत सभी कालेजों के छात्रों को टेबलेट देने का कार्य कर रहे हैं। सदर विधायक ने कहा कि छात्रों को टेबलेट और स्मार्ट फोन का प्रयोग सकारात्मक रूप से करना चाहिए आज सभी जानकारियां आनलाइन उपलब्ध है छात्रों को अपने अध्यापकों का मार्ग दर्शन लेते हुए अपने पाठ्यक्रम से संबधित जानकारी जुटानी चाहिए उन्होंने विद्यालय प्रबंधतंत्र का धन्यवाद व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने कहा कि सरकार सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और अन्य सरकारी कार्यक्रमों के द्वारा छात्राओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि कोई भी साधारण परिवार से आना वाला व्यक्ति किसी भी ऊचांई पर जा सकता है उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और टेबलेट का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करने को कहा। कालेज प्रबंधक राजीव पांडे ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और इस महात्वाकांक्षी योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य सुनील सिंह सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर भाजपा सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय, प्रधान रिंकू मिश्रा, अजय मिश्रा, आकाश पांडे, व्यवस्थापक अमित पांडे, रजनीश पांडे, चंदन मिश्रा कालेज के अध्यापक व छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## डीएम ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। गुरुवार से प्रारंभ बोर्ड परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा बोर्ड परीक्षा केंद्र एमपीपी इंटर कॉलेज एवं बीएवी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा का जायजा लिया ,परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कक्ष का भी निरीक्षण किया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग लगातार किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर डीआईओएस गोविंद राम, तहसीलदार बलरामपुर सदर उपस्थित रहे।



# पहले होता था कट्टे और बंदूकों का निवेश,अब हो रहा उद्योग धंधों का निवेशः एके शर्मा
















राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर विकास मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जनपद सिद्धार्थनगर के प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर भव्य तरीके से स्वागत एवं अभिनंदन सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में किया गया। जनपद के बड़े उद्यमियोंध्व्यापार से जुड़े लोगों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के उ0प्र0 एवं जनपद में उद्यमियों द्वारा किये गये निवेश के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुआ। पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सपा और बसपा सरकार भी जहां बंदूकों और कट्टो का निवेश किया जाता था वही बीजेपी सरकार में उद्योग और धंधों का निवेश कर कर उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर लाने का कार्य किया जा रहा है नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास का रथ दौड़ता नजर आ रहा है जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में 3 मिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा है तो वही लोकसभा में केंद्र की सरकार ने 5 मिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सभी का उत्तर दायित्व है कि जनपद के विकास में हाथ बताएं साथ ही आने वाले समय में पूर्वांचल में जनपद का नाम सबसे अग्रणी जनपदों में लिया जाए इसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करना होगा जनपद में 141 ईएमयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं आने वाले समय पर जनपद में उद्योग एवं रोजगार का विकास अपनी चरम पर होगा जनपद में 10000 करोड़ों का निवेश लगभग आ चुका है और अभी और आना बाकी है अब हम सब का उत्तरदायित्व है कि इन सभी उद्यमियों को सभी सुविधाएं देकर इनके उद्योग धंधों को धरातल पर उतारा जाए है। मेरा प्रयास होगा कि जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के साथ जनपद को अग्रणी जनपद में ले जाने का अवसर मिलेगा। इस कार्य के तहत जनपद में कुल 16 क्षेत्रों में 141 एम0ओ0यू0 के माध्यम से 10 हजार करोड़ का निवेश हुआ है जिसको आगे बढ़ाने के लिए तहसीलध्ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर दिया जाये, एक नोडल अधिकारी को 05 एम0ओ0यू0 की ही जिम्मेदारी दी जाये। नोडल अधिकारी उद्यमियों के साथ वार्ता करके उनकी समस्याओं का निराकरण करायेंगे, जो समस्याएं जनपद स्तर से निस्तारित होनी हैं उसको जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के स्तर से निराकरण करायेंगे। एम0ओ0यू0 को सफल बनाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। जनपद में बुद्ध का दर्शन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें जनपद में बेहतर व्यवस्था करने की आवश्यक्ता है।

ओ0डी0ओ0पी0 के तहत जनपद के किसान जो कालानमक चावल का उत्पादन करते हैं उसकी क्वालिटी में किसी प्रकार की कमी न रहने पाये जिससे विश्व पटल पर इसकी मांग बढ़ सके। मा0 मंत्री जी ने उद्योग विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि अपने कार्यालय के फाइलों की साफ–सफाई कर लें, उद्यमियों के कोई प्रकरण लम्बित न रहे। उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाये। मा0 मंत्री जी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को कलेक्ट्रेट में एक सेल की स्थापना करने का निर्देश दिया। मा0 मंत्री जी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं उद्यमियों के साथ वार्ता की गयी। उद्यमियों द्वारा जपनद में उद्योग की स्थापना में आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया जिसका मंत्री जी द्वारा समस्यायों का निस्तारण शीघ्रता से कराये जाने के लिए आश्वस्त किया गया। जनपद में 16 क्षेत्रों से रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी उद्योगपतियों को कोई असुविधा ना हो इसके लिए दो से तीन उद्यमियों के बीच में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो उद्यमियों के बीच में आ रही समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी लेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग को भी निर्देशित किया गया है कि जनपद में एक कंट्रोल रूम की स्थापना करें और सारी दांतों की कंप्यूटराइज फाइल तैयार करें किस आदमी को किस प्रकार की समस्या आ रही है उसको भी ध्यान में रखें और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करें नगर विकास मंत्री ने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने कभी भी निवेश पर ध्यान नहीं दिया था उन्हें केवल शासन करने से मतलब था लेकिन भाजपा सरकार सबका साथ और सब के विकास को लेकर लगा था बढ़ रहा है आने वाले समय में जनपद पिछड़ेपन से बढ़कर अग्रणी जनपदों में शामिल होगा इस अवसर पर उनके साथ सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द माधव, सदस्य विधान परिषद सुभाष यदुवंश, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द सहित जनपद के सभी जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## राकेश दत्त त्रिपाठी ने प्रभारी मंत्री एके शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रभारी मंत्री बनने के बाद जनपद में पहली बार आए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का स्वागत जनपद में बड़े ही धूमधाम युवक तरीके से हुआ नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश दत्त त्रिपाठी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रभारी मंत्री एके शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया साथ ही जिला मुख्यालय के नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का आग्रह किया।



प्रभारी मंत्री ने भी राकेश दत्त त्रिपाठी की बातों को ध्यान से सुनते हुए नागरिकों के सामने आ रही समस्याओं को तत्काल दूर करने का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जनपद सिद्धार्थनगर के प्रभारी मंत्री बनाए गए हैं और गुरुवार को जनपद में पहले आगमन पर जगह–जगह सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उसी कड़ी में राकेश दत्त त्रिपाठी ने गेस्ट हाउस पर सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचकर प्रभारी मंत्री एके शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके साथ सौरभ शर्मा, विक्की शर्मा, विक्की रस्तोगी, विपिन मिश्रा, आदित्य पांडे, दुर्गेश आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का बांसी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर विकास एंव ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को सिद्धार्थनगर का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर बृहस्पतिवार को प्रथम आगमन पर सिद्धार्थनगर जाते समय बांसी पहुंचने पर भाजपा के विधायक राजा जय प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद माधव, सांसद जगदंबिका पाल, अभय प्रताप सिंह, विजय कांत चतुर्वेदी महामंत्री, जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला



अध्यक्ष रामकुमार कुंवर, केशभान राय, राजेंद्र पांडे, दिलीप चतुर्वेदी, गौरीशंकर अग्रहरि, भाजपा के नगर अध्यक्ष जगजीवन गौड़, आनंद मणि त्रिपाठी, राकेश अग्रहरी, बजरंगी बर्मा, मंगल चौरसिया, रवि अग्रहरी, रामबचन मौर्य, सोनू वर्मा, संतोष कुमार त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद मिश्र, शैलेंद्र दुबे, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने शर्मा का जोरदार फूल माला पहनाकर स्वागत किया सर्वप्रथम नगर विकास ऊर्जा मंत्री एके शर्मा माधव बाबू के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर उनको नमन किया इस दौरान भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल सोनू ने शर्मा को माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

## सम्पादकीय

**जाहिर है, ये सभी बेहद गंभीर आरोप हैं। प्रश्न यह है कि विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने के मंच के रूप में संवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है? अगर सत्ता पक्ष सचमुच ऐसा नहीं ...**

# फिर संसद का क्या मतलब?



विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने की संवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है? संसद के मौजूदा सत्र में दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर विपक्ष में जो रोष नजर आ रहा है, उस पर गंभीरता से चर्चा किए जाने की जरूरत है। खासकर जिस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के भाषणों के कई हिस्सों को कार्यवाही से निकाला गया, उसका तर्क समझना लोगों को मुश्किल हो रहा है। अभी इस बात पर चर्चा चल रही थी कि राहुल गांधी को नोटिस जारी होने की खबर आई। दो सांसदों ने स्पीकर से शिकायत की की गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों का जिक्र कर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है। अब राहुल गांधी को बुधवार तक इस बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार की कार्यवाही क्यों नहीं चलाई जानी चाहिए। इस बीत तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा बार–बार यह शिकायत जता रही हैं कि भाजपा ने अलग–अलग विपक्षी नेताओं के लिए अपने अलग–अलग सांसदों की ड्यूटी तय कर रखी है, जो उनके भाषणों के दौरान लगातार व्यवधान पैदा करते रहते हैं। स्पीकर इस पर विपक्षी नेताओं को अपेक्षित संरक्षण देने में विफल रहते हैं। उधर राज्यसभा में सभापति पर विपक्ष का आरोप है कि वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों से लगातार टीका–टिप्पणी करते रहते हैं। साथ ही सत्ता पक्ष की मंशा के मुताबिक निर्णय लेते हैं। जाहिर है, ये सभी बेहद गंभीर आरोप हैं। प्रश्न यह है कि विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने के मंच के रूप में संवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है? अगर सत्ता पक्ष सचमुच ऐसा नहीं करना चाहता है, तो उसे इस सिलसिले में विपक्ष से तुरंत संवाद स्थापित करना चाहिए और उसकी शिकायतों को दूर करना चाहिए। वरना देश के एक बड़े जनमत के भीतर यह राय गहराती जाएगी कि भाजपा अपने भारी बहुमत का इस्तेमाल संसद और संसदीय प्रक्रियाओं को अप्रासंगिक बनाने के लिए कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगी।

# सोहर छंद में नहछू को तुलसीदास ने रचा



गोस्वामी तुलसीदास गौतम बुद्ध के बाद सबसे बड़े धार्मिक महानायक थे। जहां गौतम बुद्ध हिंसक हो चले समाज को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखलाते हैं वहीं तुलसीदास , मध्यकालीन हिन्दू समाज में धार्मिक परिवर्तन के तूफानी साजिशों पर विराम चिह्न लगाते हैं। कबीर हिंदू और मुसलमान दोनों नहीं हैं। दोनों की कुरीतियों पर दोनों संप्रदाय लोगों को फटकारते हैं। वे हिंदू और मुसलमान हैं भी और नहीं भी हैं । किंतु गोस्वामी तुलसीदास सनातनी परंपरा को अंगीकृत करने वाले और उसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने वाले लोक नायक हैं। बुद्ध शांत हैं, कबीर गंभीर और निराले हैं वहीं तुलसी अत्यंत विनीत मुद्रा में परम ज्ञानी और परम यशस्वी और भाषा के पारखी हैं। तुलसीदास लोक में व्याप्त सभी रीतियों से सुपरिचित कवि हैं। भक्ति उनका हथियार है जिसे वे अपनी पैनी बुद्धि से तराशते हैं। अवधी बोली को ब्रज बोली से आगे का रास्ता दिखाते हैं जहां अवधी, बोली के मार्ग से अवधी भाषा का परिमार्जन ग्रहण करती है । जायसी अवधी के युवा कवि हैं तो तुलसी प्रौढ़ कवि हैं जहां अवधी भाषा का चरम निदर्शन भारतीय अस्मिता की सांस्कृतिक रूपरेखा तय करता हैय और तब भगवान श्रीराम की कथा व्यक्ति के आत्म तत्व के शुद्धिकरण का माध्यम बन जाती है। गोस्वामी तुलसीदास को मांगलिक अवसरों का पूरा भान है। अवधी क्षेत्र में विवाह और यज्ञोपवीत के अवसर पर पैर के नाखून काटे जाने का पारंपरिक संस्कार है। इसे नहछू कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं लोक शैली में सोहर गाती हैं। इस सोहर में भद्दी भद्दी गालियां दी जाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास का आदर्शवादी मन ऐसे गीतों को सुनकर व्यथित होता तो तत्कालीन ग्रामीण समाज के मार्गदर्शक गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान श्री राम को माध्यम बनाकर उनके विवाह के पूर्व नाखून काटते समय राम लला नहछू लिखा। भगवान राम के बहाने एक शालीन और संयत समाज में भद्दी गालियों का प्रचलन रोका। जितने भी और जिस भी तरह से समाज को सचेत किया जा सकता गोस्वामी तुलसीदास जी ने तत्कालीन सनातनी समाज का जन जागरण किया। वे लिखते हैं आज अवधपुर आनंद नहछू राम कहो। इस तरह गोस्वामी तुलसीदास जी ने 40 सोहर छंदों में श्री राम कथा को विविधा रूपों में जनता के समक्ष प्रस्तुत किया।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# भारत ऊंची उड़ान कैसे भरेगा

**यूं तो पूर्वोत्तर में कभी कांग्रेस तो कहीं वाम का दबदबा रहा, लेकिन स्थानीय समस्याओं से पनपे क्षेत्रीय दलों ने राष्ट्रीय दलों को चुनौती तो पेश की मगर भाजपा ने उनसे हाथ मिला अपना दबदबा खूब बढ़ाया। वहीं घाटे में कांग्रेस रही। अब नये समीकरणों और हालात में देखना है कि पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्रीय या राष्ट्रीय दल किसके साथ जाते हैं? वैसे तीनों राज्यों के चुनाव बेहद अहम और दिलचस्प जरूर ...**

दो साल के अंतराल के बाद बेंगलुरु के येलहन्का में एयर शो एयरो इंडिया का शानदार आयोजन हुआ। इस बार शो का विषय श्द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीजश रखा गया है। जिसका भावार्थ है कि करोड़ों अवसरों की उड़ान के लिए पथ इस आयोजन से तैयार होगा। एशिया के सबसे बड़े एयर शो में 98 देशों की लगभग 809 कंपनियों ने इस बार हिस्सा लिया है। इस वैश्विक विमानन व्यापार मेले का आयोजन रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ, इसरो और भारतीय वायु सेना सभी मिलकर करते हैं। 1996 में इस महत्वाकांक्षी प्रदर्शनी की शुरुआत की गई थी, तब से हर दो साल में यह आयोजन किया जाता है। सोमवार को एयरो इंडिया शो का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बेंगलुरु का आसमान आज इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाई नए भारत की सच्चाई है। मेरी कामना है आत्मनिर्भर भारत ऐसे ही बढ़ता रहे। मोदीजी की तरह हर देशवासी की कामना यही है कि भारत आत्मनिर्भर हो और हमेशा तरक्की करे। भला अपने घर, अपने देश के विकास पर कौन खुश नहीं होगा। लेकिन यह विकास किस तरह होगा, क्या इसकी पहुंच सब तक होगी, क्या भारत के आगे बढ़ने का मतलब सभी 140 करोड़ लोगों के आगे बढ़ने से है, या फिर दो–चार प्रतिशत लोगों की तरक्की पर ही देश को संतुष्ट हो जाना चाहिए, ये कुछ सवाल हैं, जिन पर लगातार मंथन की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महती आयोजन के बारे में ये भी कहा कि, एक समय था, जब इसे एक विंडो भर माना जाता था। बीते सालों में सोच बदली है। आज ये सि+र्फ शो नहीं, बल्कि भारत की ताकत भी है। आज ये भारत के आत्मश्विास पर भी ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल का भारत एक फाइटर प्लेन की तरह आगे बढ़ रहा है। भारत की रफ्तार जितनी तेज हो या कितनी ऊंचाई पर हो... वो हमेशा जड़ों से जुड़ा रहेगा। श्री मोदी की इन बातों को सुनकर समझा जा सकता है कि मौका कोई भी हो, वे उसे अपनी तारीफ से जोड़ने और बात को राष्ट्रवाद की ओर मोड़ने से नहीं चूकते। फिर कर्नाटक में तो यह चुनावी साल है, तो वहां की जनता, खासकर युवाओं को लुभाने का कोई मौका प्रधानमंत्री शायद नहीं छोड़ना चाहते। वैसे एयरो इंडिया के आयोजन का संबंध कर्नाटक विधानसभा चुनाव से नहीं है। लेकिन इस तथ्य को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि राज्य में चुनाव चार महीने के अंदर होने वाले हैं। और जिस तरह श्री मोदी ने कर्नाटक के युवाओं का आह्वान किया, उसमें चुनावी पुट साफ नजर आ रहा था। अपने भाषण में उन्होंने भारत की ताकत और आत्मविश्वास की बात कही, साथ ही पिछले आयोजनों को कमतर बताने की कोशिश की। प्रधानमंत्री को यह समझने की जरूरत है कि ताकत और आत्मविश्वास चंद बरसों में हासिल नहीं होते। ये एक सतत प्रक्रिया है। डीआरडीओ, इसरो जैसी संस्थाओं की स्थापना आजादी के फौरन बाद कांग्रेस सरकार ने की। इसके बाद रक्षा क्षेत्र में तरक्की निरंतर होती रही और इस दौरान जितनी भी सरकारें आईं, सभी का इसमें योगदान रहा। इसलिए किसी एक व्यक्ति या दल को इसका श्रेय देना सही नहीं होगा। इसमें वाहवाही करने की भी कोई बात नहीं है, क्योंकि सरकार का कर्तव्य ही है कि वह देश के विकास और रक्षा के लिए कार्य करे। श्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 21वीं सदी का भारत कोई मौका नहीं खोएगा। हम कमर कस चुके हैं। हम हर क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं। इन बातों में आत्ममुग्धता ही नजर आ रही है, क्योंकि बदलाव केवल इस युग में नहीं हुआ है, हर दौर में हुआ है। अमृतकाल में भारत को फाइटर प्लेन की तरह उड़ाने की उपमा अच्छी तो है, लेकिन विचारणीय बात ये है कि यह लड़ाकू विमान क्या रिमोट से उड़ेगा, क्या इसमें पायलटों की जरूरत भी होगी। क्योंकि देश को अगर हवाई उड़ान देना है, तो फिर इसे युवाओं की ऊर्जा की जरूरत होगी। अभी हालात ये हैं कि देश के युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं। बेरोजगारी के खिलाफ आवाज उठाने पर लाठी खा रहे हैं। सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षाओं में धांधली से त्रस्त हो रहे हैं। अभी पिछले हफ्ते ही उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के खिलाफ बेरोजगार संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो पुलिस ने उन पर लाठियां चलाईं। कई लहूलुहान युवाओं की तस्वीरें देश में प्रसारित हुईं। श्री मोदी तक ये तस्वीरें पहुंची या नहीं, पता नहीं। लेकिन प्रधानमंत्री के संज्ञान में यह होना चाहिए कि युवाओं के बीच किस तरह असुरक्षा और असंतोष की भावना बढ़ रही है। इस लाठी प्रहार के बाद एक और गंभीर प्रहार एक सबसे तेज समाचार चौनल की ओर से उन युवाओं पर हुआ, जो सरकारी नौकरियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस चौनल के एक एंकर ने कहा कि हमारे देश में ऐसे युवा बेहद कम हैं जो स्किल्ड (कुशल और प्रशिक्षित) हैं और यही वजह है कि ऐसी सरकारी नौकरी के लिए लंबी लाइन लगती है, जिसमें खास कौशल की जरूरत नहीं होती है। सबसे ज्यादा युवा इन्हीं नौकरियों को पाना चाहते हैं, ऐसी नौकरियों में पैसा अच्छा होता है। एंकर ने तंज भरे लहजे में कहा कि, सोचिये आपके पास कोई स्किल नहीं है, कोई टैलेंट नहीं है लेकिन सैलरी शानदार है। इस बात से देश के उन लाखों युवाओं का अपमान किया गया है, जो सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं। लिखित परीक्षा, साक्षात्कार आदि के बाद कठिनाई से सरकारी नौकरी मिलती है। अगर इस प्रक्रिया में कोई कमी है, तो उसे सुधारना सरकार का काम है, लेकिन यहां नौकरी चाहने वाले युवाओं की क्षमता पर सवाल उठाया गया है। सरकारी नौकरी में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है, लेकिन यह बाकी क्षेत्रों में भी है। भारत फाइटर प्लेन की तरह ऊंचाइयों पर उड़ान तभी भरेगा, जब अपनी जिम्मेदारी सरकार निभाएगी और दूसरों को दोषी ठहराना छोड़ेगी।

**राहुल गांधी और विपक्ष के नेता कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अडाणी पर क्यों नहीं बोला? कोई भी बुध्मिान प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेगा। हिंडनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर है, भारत की सरकार पर नहीं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा घेरने पर रक्षात्मक होने की बजाय आक्रामक होकर सही रणनीति अपनाई है। उन्होंने यूपीए शासनकाल को आतंकवादी हमलों, घोटालों और आर्थिक गिरावट का काल...**

# प्रधानमंत्री के तेवर के मायने

अवधेश कुमार

संसद यानी लोक सभा और राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया उत्तर निस्संदेह कांग्रेस, कई विपक्षी पार्टियों और नेताओं को रास नहीं आया है। राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का नाम लेकर लोक सभा में भाषण इस आरोप पर केंद्रित कर दिया कि गौतम अदानी का कारोबार विस्तार केवल प्रधानमंत्री मोदी के कारण हुआ है। प्रधानमंत्री ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट, अदानी आदि को स्पर्श नहीं किया और राहुल गांधी या किसी नेता का नाम भी नहीं लिया। बिना नाम लिये उन्होंने जिस तरह व्यंग्य और कटाक्ष किए राजनीति के वर्तमान विमर्श में वह लुप्तप्राय है। मोदी के भाषण में एक साथ राष्ट्रपति के अभिभाषण से संबंधित तथ्यों का विश्लेषण, सरकार के प्रदर्शन संबंधी विपक्ष के आरोपों का वस्तुनिष्ठ उत्तर तथा भारत के लोगों एवं विश्व को यह आश्वासन था कि सरकार देश को सही दिशा में ले जा रही है। जब विरोधा में नकारात्मक और निराशाजनक तस्वीरें पेश की जा रही हो तो प्रधानमंत्री का दायित्व होता है कि वह आशाजनक सच्चाईयों को रखे एवं लोगों के अंदर पैदा हुए आत्मविश्वास को सुदृढ़ करें। संपूर्ण विश्व में भारत के प्रति सकारात्मक धारणा एवं कायम हुई उम्मीदों को बनाए रखने का संदेश देना भी प्रधानमंत्री का दायित्व है। प्रधानमंत्री के भाषण में ये सारे तत्व एक साथ मौजूद रहे। स्वाभाविक ही इसमें विपक्ष को कमजोर,अदूरदर्शी, निराश एवं नकारात्मक विचारों से भरा हुआ साबित करना ही था। लोक सभा में विपक्ष के बारे में उन्होंने काका हाथरसी की यह पंक्ति बोली–आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन। साफ दिख रहा था कि वे बोल रहे हैं संसद में लेकिन देश और दुनिया में अपने सुनने वालों को संबोधित कर रहे हैं। काका हाथरसी की पंक्ति से उन्होंने यह साबित करने की कोशिश की कि भारत हर दृष्टि से उन्नति के रास्ते पर है, लेकिन अनेक विपक्षी नेता अपनी नकारात्मक भावना में इसे देख नहीं पाते या देख कर भी कई कारणों से गलतबयानी करते हैं। उनकी इन पंक्तियों को देखिए हर स्तर पर, हर क्षेत्र में, हर सोच में आशा ही आशा नजर आ रही है। एक विश्वास से भरा हुआ देश है। सपने और संकल्प वाला देश है, लेकिन यहां कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। समय सिद्ध कर रहा है कि जो यहां (सत्ता में) बैठते थे, वो वहां (विपक्ष में) जाने के बाद भी फेल हो गए। देश पास होता जा रहा है डिस्टिंक्शन पर। भारत को संभावनाओं वाला देश बताते हुए उन्होंने कुछ उदाहरण दिया भारत सप्लाई चेन के मामले में आगे बढ़ गया है, मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है, दुनिया भारत की समृद्धि में अपनी समृद्धि देख रही है, पिछले नौ वर्ष में भारत में 90 हजार स्टार्टअप आए हैं। आज स्टार्टअप के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। भारत दुनिया में मोबाइल बनाने में दूसरा बड़ा देश बन गया है और हम निर्यात कर रहे हैं। घरेलू विमान यात्रियों के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया। यह देश है जो एक सेकेंड एक हिस्से में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर कर देता है। एक समय था, जब देश छोटी तकनीक के लिए भी तरसता था। आज देश आगे बढ़ रहा है। कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने एकपक्षीय तस्वीर पेश की। संसद में प्रधानमंत्री तथ्यहीन बातें नहीं रख सकते। तो जो कुछ उन्होंने कहा वो तथ्य आधारित हैं। विपक्ष की समस्या यह है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद सरकार के विरुद्ध अपनी भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रपति अभिभाषण का खंडन करने की आवश्यकता ही नहीं समझी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें अच्छा लगा कि विपक्ष ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से अपनी असहमति प्रकट नहीं की। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रपति की चार पंक्तियों का उल्लेख किया। एकय जो भारत कभी अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों पर निर्भर था, वही आज दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रहा है। दोय जिन मूल सुविधाओं के लिए देश की बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया, वह इन वर्षो में उसे मिली है। तीनय बड़े–बड़े घोटालों, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की जिन समस्याओं से देश मुक्ति चाहता था, वह मुक्ति देश को अब मिल रही है। चारय पॉलिसी पैरेलिसिस की चर्चा से बाहर आकर देश की पहचान तेज विकास और दूरगामी दृष्टि से लिए गए फैसलों से हो रही है। जरा सोचिए, विपक्ष के नेता या स्वयं राहुल गांधी ने अपने भाषण में इनका खंडन कर दिया होता तो प्रधानमंत्री को इस तरह उन पर व्यंग्य करने का आधार नहीं मिलता। प्रधानमंत्री ने यह संदेश देने की कोशिश की कि पराजय से हताश विपक्ष विशेषकर कांग्रेस और उसके प्रथम परिवार को आम जनता की मनोस्थिति का आभास नहीं है। इसलिए आशाजनक तस्वीरों की जगह ऐसे बयान दे रहा है जिनसे जनता अप्रभावित है। अपनी आक्रामक शैली में उन्होंने कहा भी कि हमारा सुरक्षा कवच 140 करोड़ जनता है जिनका उन पर विश्वास है। कांग्रेस पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा कि हार्वर्ड के क्रेज वाले लोगों को पता होगा कि वहां–द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी पर अच्छा रिसर्च हुआ और मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड नहीं, बड़े–बड़े विविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी अध्ययन होने वाला है। राहुल गांधी और उनके परिवार पर इससे बड़ा कटाक्ष और आक्रमण नहीं हो सकता। इसका जवाब देना पार्टी के लिए संभव नहीं है। राहुल गांधी और विपक्ष के नेता कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अडाणी पर क्यों नहीं बोला? कोई भी बुद्धिमान प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेगा। हिंडनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर है, भारत की सरकार पर नहीं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा घेरने पर रक्षात्मक होने की बजाय आक्रामक होकर सही रणनीति अपनाई है। उन्होंने यूपीए शासनकाल को आतंकवादी हमलों, घोटालों और आर्थिक गिरावट का काल बताकर संदेश दिया कि उनका काल उससे बिल्कुल अलग है।



# शाहिद अफरीदी ने एशिया कप पर कहा– बीसीसीआई के सामने कुछ नहीं कर पाएगा आईसीसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के आलराउंडर शाहिद अफरीदी को लगता है कि जहां तक उनके देश में 2023 एशिया कप की मेजबानी का संबंध है तो आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) भी बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सामने कुछ भी नहीं कर पाएगा। बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया। जिससे इस साल के अंत में पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी पर संदेह बन गया है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से ठीक पहले होना है।

पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में इस टूर्नामेंट के बहिष्कार करने की धमकी दी है। अफरीदी ने 'समा टीवी' से कहा, ''मुझे नहीं पता, क्या भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा या नहीं? क्या हम भारत में होने वाले वनडे विश्व कप का बहिष्कार करेंगे? लेकिन हमें कभी न कभी इस पर फैसला करना होगा।'' उन्होंने



कहा, ''इस मामले में आईसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, उन्हें आगे आना चाहिए। लेकिन मैं साथ ही कहना चाहता हूं कि आईसीसी भी बीसीसीआई के सामने कुछ नहीं कर पाएगा।'' अफरीदी ने कहा कि बीसीसीआई ने खुद को इतना मजबूत बना लिया है, तभी उसका इस तरह का दबदबा बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''अगर कोई अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा है तो इस तरह का बड़ा फैसला करना आसान नहीं है। उन्हें बहुत सी चीजों को देखना होगा। भारत अगर आंखें दिखा रहा है और इतना मजबूत फैसला कर रहा है तो उन्होंने खुद को इतना मजबूत बना लिया है।'' अफरीदी ने कहा, ''वे इस तरह की बात कर सकते हैं, वर्ना उनमें इतना साहस नहीं होता।''

अफरीदी की यह टिप्पणी भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के विवादास्पद मुद्दे पर की गयी टिप्पणी के बाद आई है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चौनल में साझा किये गये एक वीडियो में कहा, ''एशिया कप पाकिस्तान में होना था। लेकिन भारत ने घोषणा की है कि अगर यह पाकिस्तान में होता है, तो हम इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। अगर आप चाहते हैं कि हम इसमें हिस्सा लें तो आयोजन स्थान बदलें। लेकिन हमने ऐसा होते हुए कई बार देखा होगा।'' उन्होंने कहा, ''जब हम कहते हैं कि हम उनके यहां नहीं जाएंगे तो वे कहेंगे कि वे भी हमारे यहां नहीं आएंगे। इसी तरह पाकिस्तान ने कहा है कि वे भी विश्व कप में नहीं आएंगे। लेकिन मुझे लगता है कि यह संभव नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''अंतिम फैसला यह हो सकता है कि एशिया कप श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिया जाए। यह 50 ओवर के विश्व कप के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। दुबई में कई टूर्नामेंट हुए हैं। अगर इसे स्थानांतरित किया जाता है तो यह श्रीलंका में किया जाये, मुझे खुशी होगी।'' एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच तनातनी चल रही है।

# खास दोस्त को सहारा देने तुर्की निकले शहबाज शरीफ, कर्ज मांग–मांग कर गुजारा कर रहा पाकिस्तान आखिर क्या देगा मदद ?

तुर्की और सीरिया में भीषण भूकंप ने बड़े स्तर पर जानमाल की हानि की है। पूरी दुनिया तुर्की की मदद कर रही हैं वहीं प्रतिबंधों के कारण सीरिया की मदद के लिए कुछ ही देश सामने आये हैं, जिसमें से एक भारत भी हैं। भारत ऑपरेशन दोस्त के तहत तुर्की की मदद कर रहा हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान भी तुर्की को मदद देना चाहता हैं लेकिन उसके पास खुद का देश चलाने के लिए ही पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान आय दिन किसी न किसी देश की सीमा पर कर्ज मांगने के लिए पहुंच रहा हैं। पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। ऐसे में वह आखिर वह कैसे ही अपने गहरे मित्र तुर्की की मदद करेगा। पैसे से नहीं तो मोरली अपने दोस्त को मदद देने के लिए पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने ये ऐलान किया था कि वह तुर्की जाएंगे। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने शहबाज शरीफ को तुर्की आने से साफ मना कर दिया था। इस मनाही के बाद सोशल मीडिया पर शहबाज शरीफ को खूब ट्रोल किया। पाकिस्तान के लोग ही



अपने पीएम की अलोचना कर रहे थे। श्अपमानश् के कुछ दिन बाद शहबाज शरीफ ने फिर से तुर्की जाने का ऐलान कर दिया।

पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार (16 फरवरी, 2023) को कहा कि वह तुर्की के लिए रवाना हो रहे हैं, जहां पिछले सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप ने 35,000 से अधिक लोगों की जान ले ली। एक ट्वीट में शरीफ ने कहा कि वह ष्अटल एकजुटता के संदेश के साथ तुर्की के लिए रवाना हो रहे हैं।ष् शरीफ ने ट्वीट किया, ष्मैं पाकिस्तान के लोगों और सरकार से हमारे तुर्की भाइयों और बहनों के लिए अटूट एकजुटता और समर्थन के संदेश के साथ तुर्की के लिए रवाना हो रहा हूं। दो राज्यों में रहने वाले एक राष्ट्र की भावना के अनुरूप, हम उनके नुकसान को अपना मानते हैं।ष्

यह एक हफ्ते बाद आता है जब उन्हें कथित तौर पर चल रहे पुनर्वास कार्य से संबंधित तुर्की नेतृत्व की व्यस्तताओं के कारण देश की अपनी यात्रा स्थगित करने के लिए कहा गया था। शरीफ 8 फरवरी को तुर्की के लिए रवाना होने वाले थे। हालाँकि, यात्रा में देरी हुई क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन और अन्य अधिकारी बचाव और राहत कार्यों में व्यस्त थे। तुर्की और पड़ोसी सीरिया 6 फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप से हिल गए थे, जिसमें 41,000 से अधिक लोग मारे गए थे और लाखों लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता थी, साथ ही कई बचे लोगों को लगभग ठंड के तापमान में बेघर छोड़ दिया गया था।

# पाकिस्तान में क्वेटा–बॉन्ड जाफर एक्सप्रेस ट्रेन में सिलेंडर फटने से 2 की मौत

पाकिस्तान में क्वेटा जाने वाली जाफर एक्सप्रेस ट्रेन में



गुरुवार को हुए विस्फोट में कम से कम दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, धमाका उस वक्त हुआ जब ट्रेन चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि ट्रेन पेशावर से आ रही थी। पाकिस्तान मीडिया ने रेलवे के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि ट्रेन की बोगी नंबर चार में सिलेंडर फटने के बाद विस्फोट हुआ। प्रवक्ता ने स्थानीय मीडिया को बताया कि एक यात्री सिलेंडर को ट्रेन के वॉशरूम में ले गया। इस बीच, जांचकर्ता घटना स्थल पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक को बंद कर दिया गया। स्थानीय मीडिया ने कहा कि पुलिस और आतंकवाद निरोधी विभाग के अधिकारी विस्फोट स्थल से साक्ष्य एकत्र कर रहे थे। यह घटना पाकिस्तान के पेशावर में एक मस्जिद में हुए विस्फोट के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें 100 से अधिक लोग मारे गए थे, जो नमाज के लिए इकट्ठा हुए थे। विस्फोट 30 जनवरी को हुआ था और आत्मघाती हमलावर ने मोटरसाइकिल पर उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए कथित तौर पर पुलिस की वर्दी पहनी थी।पुलिस ने कहा कि हमलावर की पहचान एक आतंकवादी नेटवर्क मोअज्जम जाह अंसा के सदस्य के रूप में हुई है।

# एक गेहुआं रंग की लड़की के रूप में मैंने America में सपनों को पूरा होते देखा है: निक्की हेली

भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने कहा कि अश्वेत–श्वेत दुनिया में बड़ी हुई एक गेहुआं रंग की लड़की के रूप में उन्होंने अमेरिका में सपनों को साकार होते हुए देखा है। हेली ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा करने के बाद पहले सार्वजनिक भाषण में ये बात कही।

साउथ कैरोलिना के तटीय शहर कार्लेस्टन में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए हेली ने कहा, "मुझे पहले से कहीं अधिक विश्वास है कि हम अपने समय में इस दृष्टिकोण को वास्तविक बना सकते हैं – क्योंकि मैंने अपने पूरे जीवन में यही देखा है। एक श्वेत–अश्वेत दुनिया में पली–बढ़ी गेहुआं लड़की के रूप में मैंने अमेरिका में सपनों को साकार होते हुए देखा है।"

हेली ने संयुक्त राष्ट्र में अपने अनुभव, भारतीय प्रवासियों की संतान के रूप में अपनी पृष्ठभूमि का जिक्र किया और जोर देकर कहा, "मैं जो कह रही हूं वह सच है, अमेरिका एक नस्लवादी



देश नहीं है।" निक्की हेली उर्फ निमरत निक्की रंधावा का जन्म 1972 में दक्षिण कैरोलिना के बामबर्ग में सिख माता–पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गए और फिर अमेरिका आकर बस गए थे।

हेली एक सिख महिला के तौर पर बड़ी हुईं, लेकिन 1996 में माइकल हेली से शादी के बाद उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। अमेरिका में अपने जीवन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, "मेरे माता–पिता ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत छोड़ा। वे यहां बामबर्ग, साउथ कैरोलिना में बसे, जिसकी आबादी 2,500 थी। हमारा छोटा शहर हमसे प्यार करने लगा, लेकिन यह हमेशा आसान नहीं था। हमारा परिवार एकमात्र भारतीय परिवार था। कोई नहीं जानता था कि हम कौन थे, हम क्या थे, या हम यहां क्यों आए थे।" उन्होंने कहा, "लेकिन मेरे माता–पिता जानते थे। और हर दिन, उन्होंने मुझे, मेरे भाइयों और मेरी बहन को याद दिलाया कि हमारे सबसे बुरे दिन में भी, हम अमेरिका में रहने के लिए धन्य हैं। वे तब सही थे – और वे अब भी सही हैं। मेरे माता–पिता एक ऐसे देश में आए थे जो ताकतवर बन रहा था और जिसका आत्मविश्वास बढ़ रहा था।

# उत्पादन के आकलन के बाद मार्च में sugar export quota बढ़ाने पर विचार करेगी सरकार

सरकार चीनी के घरेलू उत्पादन का आकलन करने के बाद चालू विपणन वर्ष के लिए चीनी निर्यात कोटा को मौजूदा 60 लाख



टन से बढ़ाने पर अगले महीने विचार करेगी। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को यह जानकारी दी। खाद्य मंत्रालय ने चालू विपणन वर्ष 2022–23 (अक्टूबर–सितंबर) के लिए 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है, जिससे चीनी उत्पादन में गिरावट आने की उम्मीद है। पिछले साल भारत ने रिकॉर्ड 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

चोपड़ा से जब पूछा गया कि क्या सरकार चीनी के निर्यात कोटा को बढ़ायेगी तो उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हम उत्पादन की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और अनुमानित उत्पादन के अंतिम आंकड़े क्या हैं, इसके आधार पर हम मार्च में निर्यात कोटा के बारे में फैसला कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि कुछ उत्पादक राज्यों में खराब मौसम की वजह से विपणन वर्ष 2022–23 में चीनी उत्पादन कम रहने का अनुमान है।

हाल ही में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा था कि चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में पांच प्रतिशत घटकर 340 लाख टन रहने का अनुमान है क्योंकि एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के शीरे का अधिक मात्रा का उपयोग किया जा रहा है। विपणन वर्ष 2021–22 में चीनी का उत्पादन 358 लाख टन रहा। महाराष्ट्र में वास्तविक चीनी उत्पादन वर्ष 2022–23 में पिछले वर्ष के 137 लाख टन से घटकर 121 लाख टन रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में यह 102 लाख टन से मामूली घटकर 101 लाख टन रह सकता है, जबकि कर्नाटक में यह पहले के 60 लाख टन से घटकर 56 लाख टन पर आ सकता है। इस्मा के अनुसार, 2022–23 के पहले चार महीनों में चीनी उत्पादन 3.42 प्रतिशत बढ़कर 193.5 लाख टन हो गया है।

# जयशंकर की फिजी यात्रा, कहा– राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में फिजी का सहयोगी बनना भारत का सौभाग्य

सुवा (फिजी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिजी के राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में उसका साझीदार बनना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। जयशंकर ने रेखांकित किया कि दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संबंधों के जरिए ''निकट एवं पुराने संबंध'' रहे हैं। जयशंकर ने फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका के साथ यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत एवं फिजी ने वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, ''इससे दोनों देशों के बीच यात्रा को प्रोत्साहित करने में निश्चित ही काफी मदद मिलेगी।''



उन्होंने कहा, ''भारत और फिजी के बीच घनिष्ठ और पुराने संबंध हैं और मुझे लगता है कि इसमें दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंधों का बड़ा योगदान है।'' जयशंकर ने कहा, ''फिजी के राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में उसके साथ स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रो में साझीदार बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमने गन्ना उद्योग में परियोजनाएं की हैं। हमने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मिलकर काम किया है और हमने आज वार्ता के दौरान आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और मध्यम एवं लघु उपक्रमों के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। हमारे सामने वास्ध्तव में बहुत ही ठोस द्विपक्षीय एजेंडा है।'' दोनों नेताओं ने हिंद–प्रशांत समेत साझा हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

जयशंकर ने कहा, ''हमने अंतरराष्ट्रीय संगठनों में मजबूती से काम करते हुए अपने बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में और निकटता से काम करने पर सहमति जताई। हमने विशेष रूप से प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि भारत फिजी को हिंद–प्रशांत क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें आगामी महीनों में भारत प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की सह–मेजबानी करने की उम्मीद है और हम इस अवसर पर फिजी की उपस्थिति और नेतृत्व को निश्चित रूप से महत्व देंगे।''

हिंद–प्रशांत एक जैव–भौगोलिक क्षेत्र है, जिसमें दक्षिण चीन सागर सहित हिंद महासागर और पश्चिमी एवं मध्य प्रशांत महासागर शामिल हैं। संसाधनों से समृद्ध इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी की पृष्ठभूमि में अमेरिका, भारत एवं दुनिया के अन्य कई देश स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद–प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहे है। जयशंकर 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शामिल होने के लिए दक्षिण पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित इस द्वीपीय देश की तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने सम्मेलन में भारत के साथ भागीदारी के लिए फिजी सरकार को धन्यवाद दिया।

# IND vs AUS Delhi Test: सूत्रों का दावा, बदला गया टीम इंडिया का होटल, साथियों के साथ नहीं रह रहे कोहली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर टेस्ट सीरीज खेला जा रहा है। टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होना है। इन सब के बीच एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, शादी के सीजन और जी20 समिट की वजह से दिल्ली के ज्यादातर फाइव स्टार होटल बुक हो चुके हैं। इस कारण टीम इंडिया के खिलाड़ियों को भी नुकसान हुआ है। दरअसल, दिल्ली में आने के बाद टीम इंडिया ज्यादातर ताज पैलेस या फिर आईटीसी मौर्या में ठहरती थी। लेकिन इस बार टीम इंडिया के खिलाड़ियों को कड़कड़डूमा के होटल लीला में रुकना पड़ा है। खबर यह भी है कि विराट कोहली अपने साथी खिलाड़ियों के साथ नहीं रह रहे हैं। दरअसल विराट कोहली का परिवार दिल्ली में ही रहता है। ऐसे में वह अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं। जिसके कारण वह अपने गुरुग्राम वाले घर में रह रहे हैं। विराट कोहली का होम ग्राउंड भी अरुण जेटली स्टेडियम है। कोहली ने यहां तीन टेस्ट मुकाबले खेले हैं जिसमें 467 रन बनाए हैं। इसमें दोहरा शतक भी शामिल है। कोहली एक बार फिर से दिल्ली में टेस्ट को यादगार बनाना चाहेंगे।

दिल्ली में कोहली का रन औसत 77.8 दिन का है। भारत की बात करें तो यहां 2017 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था जो कि ड्रॉ पर खत्म हुआ था। केएल राहुल का लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना चिंता का विषय बना हुआ है लेकिन भारत फिर भी शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा और कोशिश करेगा कि फिर से तीन दिन में नतीजा हासिल कर सके। यह मैच भारतीय क्रिकेट के कम सुर्खियों में रहने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के करियर का 100वां टेस्ट होगा, जहां तक पहुंचने में उन्हें 13 साल लगे। पुजारा 20वां टेस्ट शतक जड़कर इस व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाना चाहेंगे। लेकिन भारत के शीर्ष क्रम की चिंता बरकरार हैं।

# एयरो–इंडिया में लगभग 80,000 करोड़ रुपये के 266 करार हुए

एयरो–इंडिया में 266 भागीदारी की घोषणाओं पर हस्ताक्षर हुए। इनमें 201 समझौता ज्ञापन (एमओयू), 53 बड़ी घोषणाएं और



नौ उत्पादों की पेशकश शामिल है। माना जा रहा है कि एयरो इंडिया में करीब 80,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल हो सकता है। एक एमओयू हेलीकॉप्टर इंजनों के डिजायन, विकास, विनिर्माण और आजीवन सहयोग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और फ्रांस की सेफ्रन हेलीकॉप्टर इंजन्स के बीच हुआ है। समझौते और एमओयू ऑपचारिक रूप से 'बंधन' समारोह नामक कार्यक्रम में हुए। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भारतीय रक्षा उद्योग की शीर्ष हस्तियां और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा, "बंधन समारोह में 80,000 करोड़ रुपये की 266 साझेदारियां हुईं, जिनमें 201 एमओयू, 52 प्रमुख घोषणाएं, नौ उत्पादों की पेशकश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ट्रांसफर्स ऑफ टेक्नोलॉजी) शामिल हैं।" एक एमओयू उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड और एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के बीच भी हुआ है। एयरो इंडिया के दौरान जिन उत्पादों को पेश किया गया, उनमें कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (भारत डायनमिक्स लिमिटेड) भी है। इसके अलावा भारत डायनमिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित सेमी–एक्टिव लेजर आधारित टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल को भी यहां पेश किया गया। यह मिसाइल 23 किलोग्राम वजनी है और इसका उपयोग टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों जैसे चलते और स्थिर लक्ष्यों पर विभिन्न इलाकों में किया जा सकता है। बेंगलुरु के बाहर येलहंका वायु सेना स्टेशन परिसर में एयरो इंडिया के 14वें संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किया था। इसमें लगभग 100 देशों की लगभग 700 रक्षा कंपनियां और प्रतिनिधि शामिल हुए थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि एयरो इंडिया ने दुनिया के 'नए भारत' का 'नया रक्षा क्षेत्र' दिखाया, जो न सिर्फ पिछले कुछ साल में विकसित हुआ है, बल्कि अग्रणी देशों के रक्षा क्षेत्रों के साथ चलने के लिए पूरी तरह तैयार भी है।

# विद्यालय उत्सव–निपुण मेला का आयोजन







दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। कस्बा बांसी के मजरा खिरकन स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट में बुधवार को विद्यालय उत्सव–निपुण मेला का आयोजन हुआ, इसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि बच्चों को निपुण बनाने के लिए सरकार द्वारा निपुण भारत योजना बनाई गयी है, सदर विधायक द्वारा विद्यालय में आयोजित निपुण मेला में बच्चों की प्रस्तुति और अभिभावकों की सहभागिता की प्रशंसा की गयी, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने कहा प्रत्येक बालक बालिका को निपुण बनाने के लिए सरकार के प्रत्येक दिशा निर्देश का पालन किया जा रहा है, सभी अध्यापक निपुण योजना के अंतर्गत काम करते हुए बच्चों को निपुण बनाएंगे, खंड शिक्षा अधिकारी जखौरा जमील अहमद ने कहा निपुण भारत योजना का क्रियांवयन सांझा करने के लिए निपुण मेला लगा गया है। एस. आर. जी शकुन्तला कुशवाहा ने बच्चों को निपुण बनाने में अभिभावकों से सहयोग करने का आग्रह किया। आयोजित मेला में विद्यालय की प्र.अ. सीमा गोस्वामी, स.अ.अंजली पिपला, रजनी पुलैया, चन्द्रशेखर सेन, अजय महाजन द्वारा टी.एल.एम. पुस्तकालय, शिक्षक डायरी, पाठ योजना, शिक्षक संदर्शिका, एम. टी. ए. और पी. टी. ए. के संबंध में जानकारी दी गयी, बच्चों द्वारा निपुण योजना अंतर्गत फटाफट पाठ पढ़कर सुनाया गया और गीत और नाटक प्रस्तुत किए गए, सांस्कृतिक कार्यक्रम में "छोटा बच्चा जानकर मुझको", "मेरे देश की धरती सोना उगले " और "भाग भाग रे भाग फिरंगी" गीतों की मनमोहक प्रस्तुति रही, कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरुष्कृत किया गया। इस अवसर पर विधायक रामरतन कुशवाहा का जन्मदिन बच्चों के बीच केक काटकर मनाया गया इस दौरान वित्त एवं लेखा अधिकारी सौरभ सिंह, एम डी एम जिला समन्वयक कपिल दुबे, ग्राम प्रधान प्रेम देवी, एस.आर. जी. शकुन्तला कुशवाहा, दीपा सिन्धी, ए.आर.पी. ललिता खेर, राजेश वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, शैलेंद्र वर्मा नोडल शिक्षक अनीता कुशवाहा, सुषमा साद्य, सुरेन्द्र पटैरिया, श्याम त्रिवेदी, सुनील कौशिक, राकेश कौशिक, प्रमोद नापित, हरी झां, स्पेशल एजूकेटर अभयराज सेन मौजूद रहे, व्यवस्था में गोपाल सोनी रहे, संचालन अंजलि पिपला एवं सुदामा दुबे ने किया और आभार सीमा गोस्वामी द्वारा व्यक्त किया गया।

## माटी कला बोर्ड द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई समीक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। माटी कला संवर्धन व प्रोत्साहन हेतु अध्यक्ष माटी



कला बोर्ड ओम प्रकाश गोला द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा की गयी और माटी कला शिल्पियों (कुम्हारों) से वार्ता की गयी। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष द्वारा माटी कला शिल्पियों के लिए जारी पट्टों की जानकारी ली और फरेंदा द्वारा सर्वाधिक 961 पट्टे जारी करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तहसील फरेंदा को बधाई दी। उन्होंने माटी कला टूल किट्स के वितरण पर लक्ष्य प्राप्ति पर संतोष व्यक्त किया। जनपद में माटी कला हेतु सीएफसी न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रति तहसील 01 सीएफसी बनाने का निर्देश जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को दिया। उन्होंने माटी कला के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों व उपस्थित माटी कला शिल्पियों को संबोधित करते हुए कहा कि माटी कला बोर्ड का उद्देश्य प्लास्टिक उन्मूलन और पारंपरिक माटी कला को प्रोत्साहित करना है। हमारे शरीर के पंच तत्वों में मिट्टी एक तत्व है। मिट्टी मनुष्य के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के अनुकूल है। उन्होंने माटी कला शिल्पियों को संबोधित करते हुए कहा कि माटी कला में नवाचार लाएं और पारंपरिक उत्पादों के अतिरिक्त आधुनिक परिवेश व मांग के अनुरूप मिट्टी के उत्पाद बनाएं। उन्होंने आकर्षक मिट्टी उत्पादों के फोटोग्राफ भी उपस्थित शिल्पियों को दिखाएं। अध्यक्ष ने माटी कला शिल्पियों को पट्टे आवंटित करने का निर्देश दिया और शिल्पियों से कहा कि कोई समस्या होने पर प्रशासनिक अधिकारियों से बात करें, प्रशासन आपकी सभी जरूरी सहायता करेगा। अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि प्रशासन माटी कला को प्रोत्साहित करने के लिए पूरा प्रयास करेगा। उन्होंने इस संदर्भ में माटी कला उत्पादों के लिए जनपदस्तर पर और यथासंभव तहसील स्तर पर बाजार विकसित करने के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने माटी कला शिल्पियों को नियमानुसार पट्टे जल्द से जल्द जारी करने के संदर्भ में सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में माटी कला शिल्पियों ने भी अपनी बात रखी और अध्यक्ष द्वारा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इससे पूर्व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने अध्यक्ष व सदस्य माटी कला बोर्ड को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में अधीक्षण अभियंता वाई. पी. सिंह, उपजिलाधिकारी निचलौल राम सजीवन मौर्य, उपजिलाधिकारी सदर मो. जशीम, सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दूबे, डीसी उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में माटी कला शिल्पी उपस्थित रहे।

## विनोद कुमार शुक्ला को जिलाध्यक्ष किया गया मनोनित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय सर्वजन पार्टी द्वारा गुरुवार को राज दरबार होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे



विनोद कुमार शुक्ला को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे ने जिलाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला को मनोनीत होने पर फूल माला पहनाकर स्वागत किए साथ में उन्होंने कहा कि विनोद कुमार शुक्ला को जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर से मनोनीत किया गया है और इनसे यही आशा है कि कोई भी काम रहेगा तो प्रदेश तक पहुंचाने का काम करेंगे भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर स्वागत किए जिलाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि जिस तरह पार्टी ने पद का कार्य सौंपा है उस पद पर हमेशा खड़ा उतरने का कार्य करूंगा साथ में पार्टी के हित के लिए कार्य करूंगा। इस बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे, महेश कुमार दिवेदी अवधेश, चंद्रकांत चतुर्वेदी, मति विनीता, विनय शर्मा, रजत चौबे आदि लोग रहे मौजूद।

## हाई स्कूल में 21व इंटर में पांच परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। यूपी बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2023 के पहले दिन गुरुवार को हिन्दी विषय की परीक्षा में हाईस्कूल



के कुल 21 व इंटर के 5 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी दी है। यह जानकारी कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट राजीव लोचन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया है कि हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 471 परीक्षार्थी रहे जिनमे 450 परीक्षा में सम्मिलित हुए है शेष 21 ने परीक्षा छोड़ दी है और इंटर में कुल 171 में से पांच परीक्षार्थियों ने परीक्षा दौड़ दी है।। केंद्र व्यवस्थापक गोपेश्वर चौबे ने बताया है कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन हर सम्भव प्रयास कर रहा है। किसी भी दशा में नकल नही होने दिया जाएगा। इसके लिए कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए गए है और मुख्य गेट पर तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थियों को विद्यालय परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है।

## प्राकृतिक खेती विस्तार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। कृषि





विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर के द्वारा ग्राम–सोहना विकास खण्ड भनवापुर में प्राकृतिक खेती का विस्तार योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व विधायक डुमरियागंज विधानसभा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवखुश ओझा, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, राम यज्ञ गौतम ग्राम प्रधान सोहना का केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह नें किसानों को प्राकृतिक विधि से मोटे अनाजों करने के लिये आग्रह किया और गाय पालाने के लिये भी प्रेरित किया। लवकुश ओझा नें किसानों को बताया कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े और नई नई तकनीकि का अपनी खेती में प्रयोग करें। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश नें किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र पर चल रही किसान उपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़ने का आग्रह किया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने किसानों को जैविक कीटनाशक बनाने और उसके प्रयोग करने के बारे में विस्तृत जानकारी दें। वैज्ञानिक डॉ एस एन सिंह ने किसानों को सब्जियों की प्राकृतिक खेती करने के बारे में जानकारी दें। डॉक्टर सर्वजीत ने बीज उपचारित करने के लिए बीजामृत बनाने एवं प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार जीवामृत बनाने एवं उसके प्रयोग विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दें। डॉ एस के मिश्रा ने महिलाओं को बताया कि वह अपने किचन गार्डनिंग में प्राकृतिक खेती से सब्जियों का उत्पादन करें और अपने परिवार को खिलाये। डॉ मार्कंडेय सिंह ने खेती–बाड़ी से जुड़ी समसामयिक विषय पर चर्चा की। कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में दीप नारायण सिंह, जय प्रकाश द्वावेदी, नीलम सिंह, संतोष मिश्रा, राम उजागीर, राम सूरत, ओम प्रकाश पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, सुशीला, उर्मिला, पकविता, फूलमाती, सहित लगभग 500 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

## डीएम और एसपी ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डॉ.





कौस्तुभ ने शुरू हुए बोर्ड परीक्षाओं के सकुशल संचालन हेतु जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के पं. दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसी टीवी कक्ष, परीक्षा कक्ष को देखा। दोनों केंद्रों पर सभी सीसी टीवी काम करते पाए गए। दोनों अधिकारियों ने संबंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारियों से बात की। जिलाधिकारी ने बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप परीक्षा के संचालन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को भी नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतर्क रहने और सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सुनिश्चित करने हेतु अपर जिलाधिकारी, डीआईओएस सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जनपद में बोर्ड परीक्षा हेतु कुल 77904 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिनमें हाईस्कूल में 44159 और इंटरमीडिएट 33745 परीक्षार्थी सम्मिलित हैं।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रभारी जिलाधिकारीध् मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर की उपस्थिति मेंजिला गंगा समितिध्जिला वृक्षारोपण समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। नोडल अधिकारी चंदेश्वर सिंह प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सिद्धार्थनगर ने प्रभारी जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व), जिला विकास अधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियोंध्समिति के सदस्यों का स्वागत कर समिति के प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विगत 2 फरवरी को मझौली सागर तट पर आयोजित विश्व वेटलैण्ड दिवसध्बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर विधायक कपिलवस्तु की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मझौली सागर के विकास पर ईकोटूरिज्म विकसित करने से संबंधित परियोजना तैयार कर पर्यटन विभाग के माध्यम से शासन को भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सागर में जलकुंभी के साफ–सफाई व उत्खनन कराकर उसके विकास पर बल दिया। प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने मझौली सागर पर वॉच टावर तथा रेस्ट हाउस निर्माण किए जाने हेतु संबंधित विभागों के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत को निर्देशित किया कि जनपद में स्थित सभी नाले जो सीधे नदियों में गिर रहे हैं उनकी पहचान कर उनके स्वच्छता पर ध्यान दिए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सभी अधिशासी अधिकारियों को तरल व प्लास्टिक अपशिष्टो के प्रबंधन व निस्तारण के कार्यों में तेजी लाने पर वल देते हुए उन्होंने संबंधित से जनपद में एमआरएफ व आर सी सी सेंटर को जल्द से जल्द निर्माण करा कर कार्यवाही में लाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। चिकित्सा विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बायो मेडिकल अपशिष्टो के प्रबंधन और निस्तारण हेतु ट्रीटमेंट फैसिलिटी निर्माण कराए जाने पर बल दिया। प्रदूषण नियंत्रण विभाग से प्राप्त नदियों की जल गुणवत्ता विश्लेषण रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त शेषमणि सिंह जिला विकास अधिकारी, डॉ आरजी सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, यशवंत कुमार डिप्टी कमांडेंट एसएसबी, आरबी सिंह सहायक वैज्ञानिक अधिकारी उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बस्ती, अनिल वर्मा जिला उद्यान अधिकारी, डी0के0 राय अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, महेश प्रसाद सहायक अभियंता जल निगम, डॉ दिनेश प्रसाद कार्यक्रम अधिकारी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, राधे मोहन यादव अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अभिषेक सिंह सहायक अभियंता आईसीडी, अधिशासी अभियंता ड्रेनेज, विनोद कुमार मिश्रा जिला समन्वयक वेसिक शिक्षा, तथा समिति के समस्त सदस्यगण व गर्जन राम क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़, दिलीप कुमार, हिमाचल, नीरज, सिद्धार्थ शंकर आदि उपस्थित रहे।





## सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन में किया गया रामायण पाठ का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। जिला सिविल कोर्ट बार एसोसिएसन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रामायण पाठ का आयोजन किया गया जहां महराजगंज जनपद न्यायधीश जय प्रकाश तिवारी के साथ साथ समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित होकर रामायण पाठ किये। जनपद न्यायाधीश के साथ साथ सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हवीदुल्लाह खान व मंत्री धर्मेंद्र त्रिपाठी एडवोकेट बंदना त्रिपाठी व एडवोकेटध्समाज सुधारकध् कवयित्री रमाकांती त्रिपाठी तथा समस्त विद्वान अधिवक्तागण दीवानी कचहरी मे रामायण पाठ में सम्मिलित हुए। रामायण पाठ में सभी ने बड़े ही उमंग और उत्साह के साथ रामायण पाठ का गुणगान किया इस दौरान कई अन्य लोगों ने भी इस पाठ का आनन्द लिया। जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि रामायण पाठ से मन को शांति मिलती है तथा हमारे आसपास एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्तागण इस रामायण पाठ में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे इसके लिए सभी को धन्यवाद एवं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाओं सहित आभार प्रकट करता हूं।



# बियार बस्ती में कुल्हाड़ी व लाठी–डंडे से लैस घरों पर बोला धावा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के नौगांव में गुरुवार को लगभग 10:00 बजे दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष कुल्हाड़ी व लाठी डंडे से बियार बस्ती में रामनरेश के घर पर धावा बोल दिया। जिसमें ज्ञानमती (तारा) उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी रमेश रामनरेश की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई और संतोष पुत्र रामनरेश व रामनरेश बुरी तरह से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे गये। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारी संख्या में मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया है। घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया है।



तथा मृतक महिला को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव निवासी ज्ञानमती (तारा) पत्नी रामनरेश का प्रधानमंत्री आवास बन रहा था। जहां विनोद मौर्य पुत्र राम गति मौर्य एवं राजू मौर्य अंशु मौर्य सत्यजीत मौर्य पुत्र विनोद मौर्या व कृष्ण मौर्य के लड़के ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल से कुल्हाड़ी व लाठी डंडा लेकर पहुंच दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। घटनास्थल पर वर्तमान प्रधान रामकेश भी पहुंचे थे। बताया गया कि मृतक का बेटा अजय वियार ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विनोद मौर्या के द्वारा घर बनाने को रोका गया था जिसमें स्टे ऑर्डर की बात की गई थी, जिसके चलते काम पंद्रह फरवरी को बन्द हो गया था। गुरुवार की शुबह लगभग 10 बजे विनोद मौर्य अचानक अपने हमलावर साथियों के साथ ट्रैक्टर ट्राली, मोटरसाइकिल से पहुंचकर गाली गुप्ता देते हुए घर गिराने लगे, दूसरे पक्ष द्वारा मना करने पर ज्ञानमती (तारा) पत्नी रामनरेश पर कुल्हाड़ी व लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे घटना स्थल पर 55 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई, तथा प्रार्थी के पिता राम नरेश, भाई को गंभीर चोटें आई, बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल से संतोष को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है ।इस कृत्य से बस्ती में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह, एडिशनल एसपी कालू सिंह, एसडीएम रामनरेश यादव, क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे, कोतवाल बालमुकुंद मिश्र, करमा थाना अध्यक्ष राजेश सिंह, हिन्दुआरीचौकी प्रभारी, राबर्ट्सगंज चौकी,शाहगंज चौकी प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिसबल व पीएसी के जवानों को तैनात कर दिया गया है। गांव में पुलिस व पीएससी में तब्दील हो गया है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एशवीर सिंह ने बताया अंजाम देने वालों को बक्सा नहीं जाएगा अति शीघ्र गिरफ्तारी कर कर ली जाएगी। घटना को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अपना मिशन शुरू कर दी हैं। हमलावरो पर हत्या व 7बसं सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक हमलावर पुलिस के पकड़ से बाहर थे।

- **घटना स्थल पर एक 55 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत ,दो गंभीर रूप से घायल**
- **घायलों को जिला अस्पताल इलाज हेतु कराया गया भर्ती तथा मृत वृद्ध महिला को पहुंचाया गया पोस्टमार्टम हाउस**

# शिव पुराण का पाठ करने से इंसान भयमुक्त हो जाता है: नारायणा नंद

दैनिक बुद्ध का संदेश



घोरावल,सोनभद्र। केवटा गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण ज्ञान यज्ञ में पांचवे दिन बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और महादेव शिवशंकर की कथा का रसपान किया। व्यासपीठ से काशी धर्म पीठाधीश्वर नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने भगवान शिव एवं शिवमहापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है और उनकी कृपा मात्र से भक्तों के तमाम कष्टों का निवारण हो जाता है ।शिव पुराण का पाठ करने से व्यक्ति को भय से मुक्ति मिलती है एवं भोग और मोक्ष दोनों की ही प्राप्ति होती है ।सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ करने से जीवन के सब दुखों से मुक्ति मिलती है। शिव पुराण का पाठ करने से इंसान को मृत्यु का भय नहीं सताता और मृत्यु के बाद ऐसे व्यक्ति को शिव के गण लेने आते हैं ।पुराण में शिव जी को वात्सल्य, दया और करुणा की मूर्ति के रुप में महिमामंडित किया गया है। इस पुराण का पाठ करने से भक्तों के अंदर भी ऐसे ही गुणों का संचार होता है। यानि भक्तों का चरित्र भी भगवान शिव की ही तरह बनने लगता है। जो भक्त शिव पुराण का विधि पूर्वक पाठ करते हैं वो जीवन–मरण के चक्र से भी मुक्ति पा जाते हैं। इसलिये हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत अहम माना जाता है। कथा के पूर्व महाराजश्री का पादुका पूजन काशी के वैदिक आचार्यों एवम भक्त अरुण कुमार दुबे, शिशिर कुमार सिंह, हिमांशु कुमार सिंह, तहसीलदार विकास पांडेय, विनोद तिवारी, पुंडरीक पांडेय, अनिल कुमार दुबे, गोपाल स्वरूप पाठक, देवेश गोयल, आलोक चौबे, प्रमोद पांडेय, निराला दुबे, रमाकांत दुबे, विनोद कुमार त्रिपाठी, राम आशीष दुबे इत्यादि द्वारा सविधि संपन्न हुई।

# रोवर्स रेंजर्स के पंच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, में रोवर्स–रेंजर्स के पंच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा के पूजन वंदन के पश्चात रेंजर रोज तिवारी एवं श्रद्धा उपाध्याय द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्नेहा शर्मा एवं ज्योति सिंह द्वारा स्वागत गीत की बहुत ही सुंदर एवं अभिनव प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात रोज तिवारी, श्रद्धा उपाध्याय इत्यादि ने सुंदर देश भक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण विषम परिस्थितियों में हमे जीवन जीने की कला को सिखाता है। प्रोफेसर (डॉ.) राधाकांत पांडेय ने रोवर्स रेजर्स को अनुशासित रहने एवं शिविर के नियमों का पालन करने पर बल दिया। प्रोफेसर (डॉ.) किशोर कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्र–छात्राएं विभिन्न प्रकार की गांठे लगाना, टेंट बनाना, पुल बनाना, गैजेट्स बनाना इत्यादि सीखते हैं जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सैनी ने रोवर्स रेंजर्स के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रोवर्स रेंजर्स की शुरुआत 1918 में यूनाइटेड किंगडम मे प्रथम विश्व युद्ध के समय हुई थी। द्वितीय विश्व युद्ध में भी रोवर्स रेंजर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में यह कार्यक्रम राष्ट्रमंडल देशों आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, भारत, पाकिस्तान इत्यादि देशों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इसमें शिविरार्थियों को निःस्वार्थ एवं त्याग की भावना से अकेले अथवा समूह में देश, समाज एवम लोगों की हर संभव मदद करने की भावना सिखाई जाती है। वरिष्ठ प्रशिक्षक राधा मोहन सिंह ने एन एस एस के नियमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ शिविर मे अपना योगदान देने पर बल दिया। रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षक एवं डी ओ सी सोनभद्र सुनील कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। रोवर्स प्रभारी राजेश प्रसाद द्वारा सभी का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. महीप कुमार, प्रशिक्षक किरन सिंह, प्रमोद कुमार केसरी, महेश पांडे, धर्मेंद्र के साथ–साथ पूजा, संजना केसरी, अंजलि, वर्षा, विनय अग्रहरी मुकेश यादव, पूजा यादव, विकांक रंजन, आशीष कुमार, यजुर्वेद शाह, नवनीत कुमार यादव इत्यादि छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



# हत्या में शामिल तीन दोषियों को उम्रकैद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 13 वर्ष पूर्व पांच वर्षीय इकलौते बालक को शर्बत में जहर पिलाकर मारने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को उम्रकैद व 25–25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के सिरवीट गांव निवासी रामलाल ने न्यायालय में दाखिल धारा 156 (3) दंड प्रक्रिया संहिता के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि एक फरवरी 2010 को दोपहर एक बजे की घटना है। उस समय घर पर वह और उसकी पत्नी मौजूद नहीं थे। उसी समय सिरवीट गांव निवासी रामप्रसाद पुत्र मानाधारी व शांति देवी पत्नी रामप्रसाद तथा धौरहरा गांव निवासी पप्पू पुत्र नरेश समेत पांच लोग उसके घर में आकर उसके 5 वर्षीय इकलौते बालक चंदन को शर्बत में जहर डालकर पिला दिया। इसके बाद बेटे की हालत बिगड़ने लगी तो घर पर मौजूद लड़कियों ने शोरगुल करना शुरू कर दिया। शोरगुल की आवाज सुनकर आस पास व गांव घर के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद बेटे को लेकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। जहां चार घंटे तक बेटा अस्पताल में जिंदा रहा उसके बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बेटे के शव को उसे दे दिया गया। बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद करमा थाने जाकर 3 फरवरी 2010 को सूचना दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई। कोर्ट के आदेश पर करमा पुलिस ने 7 अप्रैल 2010 को रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को उम्रकैद व 25–25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

- **25-25 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**
- **13 वर्ष पूर्व पांच वर्षीय इकलौते बालक को शर्बत में जहर पिलाकर मारने का है आरोप**

# नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मोमेंट के तहत दिया गया प्रशिक्षण:कमलेश कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ब्लाक नगवा के आदिवासी गांव दरमा में एक्शन एड



द्वारा नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मोमेंट के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एक्शन एड फेलो कमलेश कुमार ने सरकार की सरकारी योजनाओ जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पीडीएस, मनरेगा, वनाधिकार और श्रम विभाग में पंजीयन कराने से योजना जैसे मातृत्व शिशु एवम बालिका मदद योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु योजना आदि 17 योजनाएं श्रम विभाग से संचालित है जिनके बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ महादुरो की सहायता हेतु मुफ्त मदद और सलाह के लिए इंडिया लेबर लाइन नंबर 1800 833 9020 और इंडिया लेबर लाइन के नियमो और मजदूरों की मजदूरी आदि को बताया गया तथा संवैधानिक मूल्यों न्याय, समता, स्वतंत्रता, बंधुता इसके साथ मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य, साथ ही साथ जाति धर्म मजहब, लिग भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम मोहब्बत मेल जोल के साथ एक मजबूत संगठन बनाकर बुनायदी समस्याओं का समाधान किया जाए। जिससे शांति सद्भाव आपसी प्रेम मोहब्बत भाई चारा बना रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# एक माह के भीतर दो तेंदुए की मौत, क्षेत्र दहशत में

## मारकुंडी घाटी मे मृत तेंदुए का डीएफओ के मौजूदगी मे किया गया अंतिम संस्कार



दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा,सोनभद्र। एक महीने के भीतर दो तेंदुए की मौत से क्षेत्र के लोग दहशत में है। वही वन विभाग जिले में प्रभाग को तेंदुए की मौजदूगी की भनक तक नहीं थी।पहली घटना 28 जनवरी को म्योरपुर के जंगल मे शिकारियो के जाल मे फंसकर तेंदुए की दर्दनाक मौत से वन विभाग मे हडकंप मच गया था। मामला शांत भी नही हुआ कि एक माह के भीतर ही सेंचुरी रेंज गुरमा अंतर्गत मारकुंडी घाटी में सोन इको प्वाइंट पर बुधवार की रात लगभग नौ बजे एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आकर एक तेंदुआ की मौत हो गई। बताया जाता है की तेंदुआ मारकुंडी घाटी पार करने वाला था इसी दौरान किसी अज्ञात ट्रक के तेज रफ्तार की चपेट मे आकर धक्के से जख्मी तेंदुए की मौके पर मौत हो गई, तेंदुए की मौत की खबर सुनते ही स्थानीय ग्रामीणो मे अफरा तफरी मच गया आसपास के ग्रामीणो एंव राहगीरों की भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई। कुछ लोग मौके पर पहुंच कर मृत तेंदुए की शव के साथ सेल्फी लेने लगे। सूचना पर तत्काल गुरमा रेंज के रेंजर चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी रेज के टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थित से अवगत होते हुए मृत तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। वही ग्रामीण को अंदेशा है की मृत तेंदुए का जोडा भी साथ रहा होगा जो मृतक तेंदुए की खोज मे आप–पास भटकेगा। बौखलाया तेंदुआ आबादी क्षेत्र मे हिंसक रुप ले सकता है। स्थानीय लोग अपने घर के सदस्यो को मारकुंडी घाटी तथा जंगल के आस–पास रात्री में अकेले न निकलने का सलाह दे रहे है। गुरमा रेंजर चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया की मृत तेंदुआ नर प्रजाति का है जिसका पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराकर नियमानुसार डीएफओ कैमूर–मीरजापुर अरविंद कुमार यादव तथा वार्डन चुर्क के मौजूदगी मे उनके चुर्क कार्यालय परिसर मे अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# बाबू देवधारी सिंह स्मृति समीति नें बाबू देवधारी सिंह की मनाई 42 वी पूण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। करमा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सिरसिया ठकुराई



में बाबू देवधारी सिंह की पूण्यतिथि मनाई गयी किया गया याद सर्वप्रथम बाबू प्रमोद सिंह व मुख्य अतिथि हिमांशु सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदास बिश्वकर्मा ने किया चंदौली से पधारे कबि रामनरेश पाल, कवियित्री जय राय नें काब्य पत्तियों के माध्यम से किया याद वही वक्ता रबिभूषण सिंह नें कहा कि गरीब, शोषित, वंचित के मशीहा थे बाबू देवधारी सिंह वही देवेंद्र श्रीवास्तव नें कहा कि न्याय पंचायत सिरसिया को उन्ही से जाना जाता था भगौती शुक्ल, बिनोद पाण्डेय, उपेन्द्र तिवारी आदि नें बिचार ब्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया उक्त अवसर पर शीतला सिंह, इन्द्रसेन सिंह, शुशील सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, गजेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह नें किया आयोजक प्रमोद सिंह ने आये हुए अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया।

# होली से पहले वेतन दिए जाने की माँग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने होली से पहले कर्मचारियों एवं शिक्षकों को वेतन दिये जाने की माँग की है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता एवं संयोजक शिवाकांत पाण्डेय के संचालन में शाम तीन बजे तहसील नौगढ़ स्थिति संयुक्त मोर्चा कार्यालय में बैठक में वक्ताओं ने कहा कि फरवरी माह कर्मचारियों एवं शिक्षकों का गत वर्ष का इनकम टैक्स का हिसाब किताब होता है फरवरी माह का वेतन देर से मिलता है। आठ मार्च को होली के मद्देनजर नजर होली के पूर्व मिल जाए। बैठक में प्रवीण कुमार, कैलाश मणि त्रिपाठी, रंजनेश दूबे, संतोष पाण्डेय, अखिलेश, हसन तामिम, राजेश कुमार, चंद्रभान, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# क्या साबुन से सिर धोना सुरक्षित है? जानिए इसके बारे में सबकुछ




शैंपू स्कैल्प और बालों को साफ करने और बालों का झड़ना रोक सकता है। हालांकि, जब तक शैंपू का आविष्कार नहीं हुआ था तब तक साबुन से सिर धोना एक आम बात थी। अभी तक कई लोग साबुन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या साबुन बालों को नुकसान पहुंचा सकता है? या सस्ता और सुरक्षित शैम्पू एक अच्छा विकल्प है? आइए जानते हैं सिर के लिए साबुन कितना सुरक्षित है।

साबुन से होने वाले नुकसान

साबुन से सिर धोना सुरक्षित नहीं है क्योंकि इसे त्वचा के पीएच स्तर को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं और स्कैल्प का पीएच अलग होता है, जिसके कारण बालों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बालों का उलझना ज्यादा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, साबुन में शैंपू की तरह स्कैल्प और बालों को कंडीशनिंग करने के गुण नहीं होते हैं। नतीजन, बाल रूखे हो सकते हैं और उनके टूटने की संभावना भी बढ़ जाती है।

साबुन में होती हैं ये सामग्रियां

पशु वसा या वनस्पति तेल जैसे नारियल और जैतून का तेल। हालांकि, कैस्टाइल साबुन पशु वसा और सिंथेटिक सामग्री से मुक्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें लाइ या सोडियम हाइड्रॉक्साइड या पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड, पानी, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल रंग और आर्टिफिशियल सुगंध ा होती है, जो बालों के साथ-साथ त्वचा के लिए भी सही नहीं है। हालांकि, कुछ ऐसे साबुन भी होते हैं, जिनका इस्तेमाल आप बालों पर कर सकते हैं।

सिर धोने के लिए किन साबुन का किया जा सकता है इस्तेमाल?

आजकल मार्केट में कई ऐसे साबुन भी मौजूद हैं, जिन्हें बालों की सफाई के लिए ही बनाया गया है। ये स्कैल्प के खुरदरेपन को कम करने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए रीठा, आंवला और शिकाकाई जैसी सामग्रियों से युक्त साबुन का इस्तेमाल सभी प्रकार के बालों को ध ाोने के लिए किया जा सकता है। ये साबुन मॉइस्चराइजिंग अवयवों से भरे होते हैं और नियमित शैंपू की तरह बालों की प्राकृतिक नमी को नहीं छीनते हैं।

साबुन की जगह शैंपू का ही करें इस्तेमाल

अगर आपकी आसपास शैंपू आसानी से उपलब्ध है तो साबुन की जगह शैंपू ही खरीदें क्योंकि इन्हें स्कैल्प और बालों की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग बनाया जाता है। हालांकि, अगर आपको नहीं पता कि किस तरह के शैंपू का इस्तेमाल करना सही है तो हर्बल शैंपू आपके लिए सही रहेगा। यह बालों के विकास को बढ़ावा देगा, डैंड्रफ को कम करेगा और बालों के झड़ने को रोकने सहित बालों में चमक लाने में मदद कर सकता है।

## जॉर्जिया एंड्रियानी ने सिजलिंग बॉडीकॉन ड्रेस पहन दिए सेक्सी पोज

जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर आए दिन अपने ग्लैमरस अवतार से छाई रहती हैं।जॉर्जिया जब भी कैमरे के सामने आती हैं तो हुस्न से ऐसी बिजलियां गिराती हैं और उनकी अदाओं के



साथ-साथ उनके हुस्न के भी फैंस दीवाने हो जाते हैं। और वैलेंटाइन डे के मौके पर, जॉर्जिया ने अपने फैंस को विश करते हुए शेयर की बोल्ड हॉट फोटोज देखे अभी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर आए दिन अपने ग्लैमरस अवतार से छाई रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सेक्सी तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को वेलेंटाइन डे की शुभकामनाएं दी हैं. जॉर्जिया ने डार्क पिंक कलर का सिजलिंग बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. ग्लोइंग मेकअप के साथ मॉडल ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये सेक्सी तस्वीरें आपके होश उड़ाने वाली हैं. यूजर्स कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट इमोजी की बारिश कर रहे हैं. काम के मोर्चे पर, जॉर्जिया जल्द ही वेलकम टू बजरंगपुर में श्रेयस तलपड़े के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी।






## सलमान खान ने साइन की पैन इंडिया फिल्म, इस बड़े प्रोडक्शन हाउस से मिलाया हाथ!



सलमान खान आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। एक तरफ जहां पठान में उनके सीक्वेंस की तारीफ हो रही है, वहीं इसी बीच उनकी अगली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां भी सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि सलमान ने साउथ के एक लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनने जा रही अगली फिल्म के लिए रजामंदी दे दी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, साउथ के टॉप प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स अब सलमान के साथ फिल्म बनाने जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि सलमान फिल्म साइन कर चुके हैं और जल्द ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि होगी। यह फिल्म मूल रूप से तेलुगु में बनेगी, लेकिन यह एक पैन इंडिया रिलीज होगी, यानी एक साथ कई भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी और यह मैत्री मूवी मेकर्स का दूसरा हिंदी प्रोजेक्ट होगा।

सलमान को पिछले साल भी तेलुगु फिल्म गॉडफादर में देखा गया था, जिसमें उनके साथ चिरंजीवी थे। सलमान और चिरंजीवी को पहली बार पर्दे पर साथ देखना प्रशंसकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं था। फिल्म को समीक्षकों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।


मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ भी एक फिल्म की शुरुआत की है। यह भी एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसमें प्रभास की मुख्य भूमिका है, वहीं फिल्म में ऋतिक रोशन भी एक खास किरदार निभाने वाले हैं। इसके जरिए मैत्री मूवी मेकर्स हिंदी सिनेमा मे पदार्पण कर रहा है। सिद्धार्थ फिलहाल अपनी फिल्म फाइटर में व्यस्त हैं। इसका काम खत्म करने के बाद वह मैत्री मूवी मेकर्स की फिल्म पर काम शुरू करेंगे।

अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पारू द रूल, एनटीआर 31, आर सी16 और पवन कल्याण संग उस्ताद भगत सिंह मैत्री मूवी मेकर्स की आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। नवीन येरनेनी, वाई. रविशंकर, और मोहन चेरुकुरी ने 2015 में तेलुगु प्रोडक्शन हाउस के रूप में इसकी शुरुआत की थी, लेकिन उनकी सफलता अब उन्हें बॉलीवुड में भी ले आई है। चिरंजीवी अभिनीत वाल्टेयर वीरय्या और बालकृष्ण अभिनीत वीरा सिम्हा रेड्डी, जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने ही किया है।

सलमान फिल्म किसी का भाई किसी की जान में दिखेंगे, जिसका पिछले दिनों टीजर रिलीज हुआ और प्रशंसकों ने उस पर दिल खोलकर प्यार लुटाया। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है। टाइगर 3 की राह भी दर्शक बेसब्री से देख रहे हैं। इसमें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी अहम भूमिका में हैं। सलमान की फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पवनपुत्र भाईजान का भी दर्शकों को काफी समय से इंतजार है।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज आगे खिसकी

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है और अब यह 28 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। पहले यह फिल्म 28 अप्रैल




को रिलीज होने वाली थी। पिछले साल 13 नवंबर को, बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर, जो अपनी आखिरी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद निर्देशन में वापसी कर रहे हैं, ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 अप्रैल को रिलीज होगी। नई रिलीज की तारीख की घोषणा करने के लिए उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, वे कहते हैं सबर का फल मीठा होता है, इसलिए इस अविश्वसनीय विशेष कहानी की मिठास को बढ़ाने के लिए – हम बहुत सारा प्यार लेकर आ रहे हैं! रॉकी और रानी के परिवार हो रहे हैं तैयार, और अब देखिए ये अनोखी कहानी ऑफ प्यार!रणवीर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्योंकि यह आपके परिवार को प्यार करने के बारे में है! हैशटैग रॉकी और रानी की प्रेमकहानी सिनेमाघरों में, 28 जुलाई 2023। आलिया ने भी नई रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए एक पोस्टर साझा किया, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी. 28 जुलाई 2023 को रिलीज।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी हैं, और इसमें प्रीतम संगीत निर्देशक और अमिताभ भट्टाचार्य गीतकार हैं।

## यूवुला की सूजन: जानिए इसके कारण, लक्षण और घरेलू नुस्खे



गले में कुछ फंस जाने का लगातार अहसास हमेशा गले में खराश का संकेत नहीं हो सकता है। ऐसा यूवुला में सूजन के कारण भी हो सकता है। यूवुला मुंह के पीछे की ओर जीभ आखिर में लटकता मांस का टुकड़ा होता है, जिसमें सूजन आने से गले में कई तरह दिक्कत हो सकती है। आइए आज हम आपको यूवुला में सूजन के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके बताते हैं।

क्या है यूवुला में सूजन आने के कारण?

कटे होंठ या तालू जैसे जन्मजात विकारों के कारण यूवुला बड़ा हो सकता है या अपनी जगह से हट सकता है। कुछ एलर्जी के कारण गले या मुंह में तरल पदार्थ जमा हो सकता है, जिससे यूवुला में सूजन हो सकती है। शुष्क मुंह, धूम्रपान, बहुत अधिक शराब पीना, गले या यूवुला में चोट और कमजोर इम्यूनिटी भी यूवुला में सूजन का कारण बन सकता है।

यूवुला में सूजन से जुड़े लक्षण

गले में कुछ फंसा हुआ महसूस होना, निगलने में कठिनाई, सांस लेने में मुश्किल, गले में खुजली या जलन महसूस होना यूवुला में सूजन के मुख्य लक्षण हैं। गले में खराश, टॉन्सिल की सूजन, मुंह में लार का अत्यधिक स्राव, बुखार और गले में दर्द भी इस समस्या से जुड़े लक्षण हैं। अगर आपको खुद में इनमे से कोई लक्षण नजर आए है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेकर इसका उपचार कराएं।

कैसे लगाएं यूवुला में सूजन का पता?

यूवुला में सूजन किसी संक्रमण या स्थिति का परिणाम हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें। वह आपसे लक्षणों, आपकी मेडिकल हिस्ट्री और ली जा रही दवाइयों के बारे में पूछ सकते हैं। इसके अलावा वह आपको स्वैब टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं या फिर ब्लड टेस्ट भी इसका पता लगा सकते हैं। ये टेस्ट यूवुला में सूजन के कारण का पता लगाने में मदद कर सकते हैं।

यूवुला में सूजन से बचाव के उपाय

खूब सारे तरल पदार्थ पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें और गर्म हर्बल चाय पिएं। वहीं किसी संक्रमण से जूझने के दौरान अपने शरीर को तेजी से ठीक करने के लिए पर्याप्त आराम करें। इसी तरह शराब का सेवन सीमित करें और धूम्रपान छोड़ दें। जहरीले वातावरण से भी दूर रहें और जिन खाद्य पदार्थों से आपको एलर्जी है उनसे दूर रहें। घरेलू नुस्खों के तौर पर नमक के गर्म पानी से गरारे करें।